रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026

haribhoomi.com

हरिभूमि

रायपुर भूमि



जीएसटी में बड़ा आदेश, 42 निरीक्षकों की नियुक्ति रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य कर जीएसटी विभाग में वर्ष 2021 और 2022 में सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए 42 वाणिज्यिक कर निरीक्षकों की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। राज्यकर आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जारी आदेश के तहत इन सभी 42 कर्मचारियों को उनके मूल पद (लिपिक) पर पदावनत कर दिया गया है। इसके साथ ही संभावित न्यायालयीन ⏭शेष पेज 18 पर

- पदोन्नत होकर बने थे निरीक्षक, अब वापस लिपिक बनाए गए



खास खबर

विस में उठा था मामला

भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में यह मामला इस तरह उठाया था। बजट सत्र (तारांकित प्रश्न क्रमांक 829): विधायक अनुज शर्मा ने सबसे पहले बजट सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से इस नियम विरुद्ध पदोन्नति के मामले को उठाकर विभाग की कमियां उजागर कीं। इसके बाद 10 मार्च (ध्यानाकर्षण प्रस्ताव द्वारा घोषणा): इसके बाद ⏭शेष पेज 18 पर

42 जीएसटी निरीक्षक, जिनकी भर्ती हुई निरस्त

आकाश त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश वर्मा, भरत लाल साहू, ओम नारायण बघेल, संतु राम सलाम, नीरज श्रीवास्तव, अमित हुमने, भूषण कुर्रे, तोमन लाल भुआर्या, यज्ञेश दीवान, पुष्पेंद्र करश, विधान रंजन कुल्लू, युगल किशोर साहू, मलिक राम बांधे, लाल साय राम, गो शिवेंद्र टांडे, सत्य नारायण नेताम, मोनिका दीवान, जितेंद्र नेताम, दुरूपरसाय मांझी, अनिल कुमार जांगड़े(सभी 2021 की भर्ती) 2022 भर्ती वालों में सुरेश कुमार गुप्ता, प्रभात चन्द्र तिवारी, अजय कौशिक, हितेश कुमार दुबे, दीपा उधवानी, रितु सोनकर, दीपेश कुमार साहू, गायत्री सिन्हा, गजेंद्र कुमार तिवारी, ओम प्रकाश साहू, मनीष चेलक, तामध्वज साहू, नंदनी साहू, दीपक तुरियाकर, अमर सिंह कंवर, उदयराम ध्रुव, रमेश कुमार धृतलहरे, दीप्ति मरकाम, चंद्रकांत ठाकुर, दीपक कुजूर, राकेश कुमार मिंज के नाम शामिल हैं।

रावतपुरा में तोड़े गए 40 मकान, 5 पर स्टे तीन को मोहलत, दहशत में आए मालिक

लेआउट से बाहर होने के कारण नक्शे पास नहीं, नोटिस के बाद भारी भरकम अमले के साथ तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के भाठागांव स्थित रावतपुरा फेज 2 कालोनी में बुधवार को पूरे दिन गहमागहमी के हालात रहे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने यहां के 40 मकानों पर तोड़फोड़ की। इनको लेआउट से बाहर और बिना अनुमति निर्माण करने की वजह से पहले ही नोटिस दिया गया था। अफसरों के मुताबिक पांच नए मकानों को कोर्ट से स्टे मिलने की वजह से नहीं तोड़ा गया। तीन मकान मालिकों को 15 दिनों का समय दिया गया है।

हरिभूमि सरोकार

अमले ने निर्माणाधीन मकानों के दरवाजे, खिड़की और गेट वाले हिस्से को तोड़ा है। निगम अमला बुधवार को दर्जन भर जेसीबी और पुलिस बल के साथ सुबह 8 बजे तोड़फोड़ करने पहुंचा। तोड़फोड़ की कार्रवाई तीन घंटे से ज्यादा चली। उसके बाद मलबा हटाने का काम जारी रहा।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वीकृत लेआउट से बाहर बिना अनुमति



निर्माण से जुड़े दस्तावेज, स्वीकृत नक्शा मांगा

सूत्रों के मुताबिक रावतपुरा फेस 2 में कई मकानों का निर्माण बिना स्वीकृत नक्शे के किए जाने की शिकायत और जानकारी सामने आई थी। जांच के बाद संबंधित 40 मकान मालिकों को नोटिस जारी कर निर्माण से जुड़े दस्तावेज और स्वीकृत नक्शा प्रस्तुत करने कहा गया था। निगम की टीम संबंधित निर्माणों की स्थिति की जांच करने के साथ ही नोटिस और दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद कार्रवाई की।

मकानों का निर्माण को लेकर बुलडोजर कार्रवाई से पहले संबंधित बिल्डर और मकान मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद नगर निगम जोन 6, मुख्यालय उड़नदस्ता टीम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम दर्जन भर बुलडोजर लेकर निर्माणाधीन मकानों को सुबह 8 बजे तोड़ने पहुंची।

जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मुताबिक इलाके में जलभराव, पानी, बिजली और नाली से जुड़ी शिकायतें भी मिली थी। जांच के दौरान लेआउट से बाहर किए गए निमाण सामने आने पर नियम अनुसार कार्रवाई की गई। श्री यादव ने बताया कि कार्रवाई के दौरान स्थल पर पांच लोग ऐसे भी सामने आए जो हाईकोर्ट से स्टे लेकर आए थे। उनके मकानों को हमने नहीं तोड़ा है। कालोनी में 3 परिवार जो वहां के मकानों में रह रहे थे उनको मकान खाली करने 15 दिन की मोहलत दी गई है। निगम का कहना है कि कार्रवाई के बाद संबंधित बिल्डरों ने ले आउट के बाहर आगे कोई निर्माण नहीं करने का भरोसा दिलाया है, मामले में आगे की कार्रवाई भी नियम अनुसार की जाएगी।

जमीन खरीदने वाले फंसे

रावतपुरा में जमीन खरीदने और मकान बनवाने वालों का सपना बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। लेआउट में नहीं होने की वजह से उनका नक्शा निगम ने पास नहीं किया और इन्होंने कर्ज लेकर मकान खड़ा कर लिया। अब तोड़फोड़ से इनको लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जांच और कार्रवाई ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। नियम के विरूद्ध कालोनी में निर्माण हो रहे थे, तब इनको क्यों नहीं रोका गया? डायवर्सन समेत तमाम तरह की प्रक्रिया और लोन भी बिना नक्शा पास हो गया, यह कैसे संभव हुआ। निगम के अफसरों ने पहले निगरानी क्यों नहीं की?

इनको भी नोटिस

रावतपुरा फेस 2 मामले में जमीन कारोबारी बिल्डर मुनरपे रहमत, ओग, धनु सोनकर, मनोज, रवि त्रिपाठी, आशु त्रिपाठी,अनवर, चेतन देवांगन, सुभाष विश्वकर्मा, सुखराम चक्रधारी, अजय साहू, जय साहू , अजय माखीजा, बसंत सतवाने, तीरथ साहू, गोपाल देवांगन को भी नोटिस दिया गया है। उनको सामान हटाने कहा गया है। जाहिर है, तोड़फोड़ की कार्रवाई यहां और चलेगी।

सीजीपीएससी घोटाले में आठ दिनों की न्यायिक रिमांड पर

रिमांड के लिए आवेदन पेश नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) राज्य सेवा परीक्षा में गड़बड़ी और मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार बलरामपुर-रामानुजगंज के अपर कलेक्टर पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी चेतन बोरघरिया को बुधवार को ईडी ने विशेष अदालत में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उन्हें आठ दिनों की न्यायिक रिमांड 23 सितंबर तक कोर्ट ने जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

- ईडी ने चेतन बोरघरिया को 11 सितंबर को गिरफ्तार किया था

ईडी के अनुसार, पूछताछ के दौरान सामने आए दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, बैंकिंग लेन-देन और दर्ज बयानों का विश्लेषण किया जा रहा है। एजेंसी का आरोप है कि अभ्यर्थियों को पहले से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और चयन कराने का भरोसा देकर तीन करोड़ रुपए से अधिक की उगाही की गई। ईडी की जांच के मुताबिक उत्कर्ष चंद्राकर, अनिल चंद्राकर और डा. विकास चंद्राकर ने अलग-अलग अभ्यर्थियों से सीजीपीएससी में चयन का भरोसा देकर रकम जुटाई। इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री कार्यालय में संपर्क और प्रभाव होने का दावा किए जाने की बात ईडी की जांच में सामने आई है। जांच एजेंसी के अनुसार, ऐसे कथित आश्वासनों में चेतन बोरघरिया ⏭शेष पेज 18 पर

खबर संक्षेप

मिनी बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



रायपुर। छत्तीसगढ़ मिनी बस एसोसिएशन ने बुधवार को मुख्यमंत्री से भेंटकर उनसे नौ सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक बस संचालन को लेकर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने शहर के अंदर सिटी बस की परिभाषा के अंतर्गत संचालन करवाने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को जो ज्ञापन दिया है, उनमें उनकी प्रमुख मांग किराया वृद्धि, वीएलटीडी रिनूवल के रेट कम करने आदि शामिल है।

चिप्स देने के बहाने मासूम से रेप की कोशिश

रायपुर। चिप्स देने के बहाने आठ साल की मासूम को अपने घर ले जाकर रेप करने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने बच्ची के पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सुलेमान कुरैशी है। बच्ची ने अपने परिजनों को बताया है कि आरोपी ने उसे चिप्स देने के बहाने अपने घर बुलाया और गलत हरकत करने लगा। बच्ची ने शोर मचाते हुए आरोपी के चंगुल से बचकर अपने घर गई और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

कूड़े की निगरानी के लिए 127 हाईटेक कैमरे, फेंका तो फंसेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर अब नगर निगम की नजर रहेगी। रायपुर निगम शहर के सभी 10 जोन में 90 लाख की लागत से 127 हाईटेक नाइट विजन कैमरे लगवाएगा। इसके लिए आनलॉइन टेंडर कर एजेंसी तय कर ली गई है। कांकेर की एजेंसी को इस कार्य जिम्मा मिला है। अनुबंधित एजेंसी लगाए गए कैमरा का संचालन और संधारण तीन साल तक अपने खर्च पर करेगी। सूत्रों के मुताबिक इस महीने के भीतर कैमरे लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

- कांकेर की एजेंसी लगाएगी कैमरे, 90 लाख खर्च होंगे , तीन साल मैंटनेंस और संचालन की शर्त

इन कैमरों के ⏭शेष पेज 18 पर



मोबाइल ऐप से लाइव मॉनिटरिंग

कैमरों को मोबाइल ऐप आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके जरिए जोन कमिश्नर और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी जरूरत के अनुसार कैमरों की लाइव निगरानी कर सकेंगे। निगम ने कैमरों से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो की निगरानी के लिए कमांड सेंटर तैयार करने की भी योजना बनाई है।

अंधेरे में भी 50 मीटर तक निगरानी

कैमरों में नाइट विजन की सुविधा होगी। इससे अंधेरे में भी करीबन 50 मीटर तक की तस्वीरें स्पष्ट रिकॉर्ड की जा सकेंगी। स्ट्रीट लाइट की रोशनी में कैमरों की निगरानी क्षमता और बेहतर होगी। रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि कचरा फेंकने की घटना सामने आने पर फुटेज को कार्रवाई के लिए साक्ष्य के तौर पर उपयोग किया जा सके।

कचरा वाहनों की भी होगी ट्रैकिंग

नई व्यवस्था में केवल आम लोगों पर ही निगरानी नहीं रहेगी, बल्कि कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों पर भी नजर रखी जाएगी। वाहनों के नंबर रिकॉर्ड किए जाएंगे। इससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि वाहन ने कहां से कचरा उठाया और उसे किस जगह डंप किया। इससे कचरा परिवहन व्यवस्था में भी जवाबदेही तय करने की कोशिश होगी।

23 संवेदनशील स्थानों पर पहले कैमरे

निगम ने पुलिस के सहयोग से शहर में लगभग 23 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया है,इनमें भीड़भाड़ और व्यावसायिक इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर कैमरे लगाने को प्राथमिकता दी जाएगी। निगम अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने के कारण कई बार कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई ⏭शेष पेज 18 पर



तकनीकी विवि में बनाई जाएगी खेल समिति, 3 वर्ष होगा सदस्यों का कार्यकाल

तकनीकी विवि बनाएगा इंजीनियरिंग छात्रों का खेल शेड्यूल, नेशनल प्लेयर देंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि ने सत्र 2026-27 के लिए खेल समिति का गठन किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब तकनीकी विवि ने खेल समिति गठित की है। अब विवि द्वारा नियमित रूप से प्रतिवर्ष इसका गठन किया जाएगा। इंजीनियरिंग छात्रों में खेलकूद के प्रति घटते रूझान को देखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है। समिति यह निर्धारित करेगी कि अधिक से अधिक इंजीनियरिंग छात्र खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लें। खेल समिति में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके।



- शारीरिक गतिविधियों व खेल स्पर्धाओं से दूर हो रहे छात्रों को किया जाएगा प्रेरित

जारी अधिसूचना के अनुसार, विश्वविद्यालय परिनियम की धारा 26 के प्रावधानों के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए खेल गतिविधियों के लिए नई विश्वविद्यालय खेल समिति का गठन किया गया है। समिति के पदेन अध्यक्ष कुलपति डॉ. अरुण अरोरा होंगे। समिति में संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर, संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, कार्यपरिषद ⏭शेष पेज 18 पर

समिति में ये नाम शामिल

कार्यपरिषद द्वारा नियुक्त सदस्यों में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य राजेश चौहान, भारतीय हॉकी टीम की पूर्व सदस्य रेणुका यादव एवं वॉलीबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ख्वाजा अहमद शामिल हैं। खेल विशेषज्ञ वर्ग में डॉ.मेजर सिंह मनसा पॉलीटेक्निक भिलाई एवं ओंकार जैसवाल एलसीआईटी बिलासपुर तथा शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक वर्ग में कोंडल राव बीआईटी दुर्ग एवं पुरूषोत्तम रात्रे आरआईटी रायपुर को सदस्य बनाया गया है। समिति में बीआईटी दुर्ग प्राचार्य डॉ.अनुप मिश्रा एवं शास.कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर की ⏭शेष पेज 18 पर

खबर संक्षेप



नुआखाई जुहार और सम्मान समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

रायपुर। गांड़ा समाज के प्रमुख लोकपर्व नुआखाई के पावन अवसर पर गांड़ा महिला महामंच द्वारा आगामी 20 सितंबर को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित "नुआखाई जुहार" समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर ससम्मान आमंत्रित किया। गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रामेन डेका से सौजन्य भेंट की तथा उन्हें नुआखाई पर्व की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्ता से अवगत कराया। मुलाकात करने वाले समाज के प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जगत, समाज के मुखिया रघुचन्द निहाल, बसंत बाघ एवं संजय सोनी शामिल थे।

वर्सी महोत्सव पर लगेगा रक्तदान शिविर

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम राम साहेब का 35वां वर्सी महोत्सव तीन दिवसीय 14 से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम के दौरान गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा और विशाल निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर तथा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाएगा, तीनों दिन अनेक कार्यक्रम होंगे।

राजधानी में आज जलेंगे 25 लाख आशीर्वाद दीये, सीएम जलाएंगे पहला दीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश में आज से 17 अक्टूबर तक चलेंगे कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को प्रदेश में भाजपा संगठन द्वारा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 25 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक एक माह का कार्यक्रम तय किया है। इसमें रोज अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। पहले दिन का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगा, इसका नाम आशीर्वाद का दीया दिया गया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने बड़ी तैयारी की है। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजधानी रायपुर में भी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इस दौरान शहर में करीब 25 लाख दीये जलाए जाएंगे। बताया गया है कि तेलीबांधा तालाब में शाम 7 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहला दीया जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ करेंगे। कार्यक्रम को लेकर शहर के विभिन्न हिस्सों में दीये जलाने की तैयारियां की गई हैं। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, संकल्प और सामाजिक सहभागिता का संदेश देना है। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं और आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी।

बस्तर में विजय, सरगुजा में तोखन

बस्तर में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, बिलासपुर में डिप्टी सीएम अरुण साव, दुर्ग में ओपी चौधरी, सरगुजा में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू रहेंगे। प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े महादेवघाट रायपुर के कार्यक्रम में रहेंगी। प्रदेश के मंत्री भी अलग-अलग जिलों के कार्यक्रम में रहेंगे। प्रदेश के सांसद और विधायक अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रम में रहेंगे।



तेलीबांधा तालाब के पास होगा बड़ा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 25 साल पूरे होने के कारण राजधानी रायपुर में भाजपा संगठन ने 25 लाख दीये जलाने का फैसला किया है। राजधानी तेलीबांधा में होने वाले इस बड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इसी के साथ रायपुर के चारों विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे सहित राजधानी के जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, प्रदेश के कई पदाधिकारी शामिल होंगे।

मिट्टी और गोबर के दीये

राजधानी के कार्यक्रम के लिए भाजपा संगठन ने 25 लाख दीयों का इंतजाम किया है। शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया दीये मिट्टी और गोबर के ही रहेंगे। इन सभी दीयों में मोमबती के छोटे दीये लगाकर दीये जलाए जाएंगे, ताकि तेल और बाती की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया, गोबर के दीये आर्डर देकर बनवाए गए। करीब 13 लाख गोबर के दीये बहुत जल्दी बनकर मिल गए। इसी के साथ करीब 12 लाख मिट्टी के दीयों का इंतजाम किया गया है। इनको हर बूथ में 100 से 200 की संख्या में बांटा भी दिया गया है।

कहां कितने दीये जलेंगे

प्रदेश भर के जिलों में अलग-अलग संख्या में दीये जलाए जाएंगे। इसमें राजनांदगांव में 15 लाख, बिलासपुर 10 लाख, धमतरी में 10 लाख, बालोद में 10 लाख, रायगढ़ ? लाख, कोरबा 5 लाख, सरगुजा में पांच लाख, जशपुर में 2.25 लाख, बस्तर में 2.5 लाख, बीजापुर में दो लाख कांकेर में 5 लाख, बेमेतरा में 15 लाख, जांजगीर चांपा में 6 लाख, कोंडागांव में एक लाख 11 हजार, नारायणपुर एक लाख 25 हजार, कबीरधाम में 15 लाख बलरामपुर में 1.50 लाख, गरियाबंद में 10 लाख, दुर्ग में 15 लाख, मुंगेली में पांच लाख, बलौदाबाजार-भाटापारा 11 लाख, दंतेवाड़ा में 1.50 लाख दीये जलेंगे।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का दो दिवसीय दौरा

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे राजधानी रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री 16 सितंबर की देर शाम रायपुर पहुंचेंगी। दूसरे दिन 17 सितंबर को वे स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। सुबह 11 बजे रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित "सशक्त नारी-समृद्ध परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद वे रायपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।

कर्मचारी चयन मंडल अधिनियम में बदलाव, एफएसओ ड्रग इंस्पेक्टर और एसआई पदों की नई अर्हताएं तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल अधिनियम, 2026 के नियमों में व्यापक संशोधन किए हैं। अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, गृह (पुलिस) विभाग, जेल विभाग, विधि विभाग और राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सहित विभिन्न संवर्गों के दर्जनों पदों के लिए विस्तृत शैक्षणिक, तकनीकी और शारीरिक योग्यताएं निर्धारित कर दी गई हैं।

खास खबर

अब ये होंगी योग्यताएं

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के पदों में औषधि निरीक्षक-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी या फार्मास्युटिकल साइंस में डिग्री अथवा क्लिनिकल फार्माकोलॉजी या माइक्रोबायोलॉजी में विशेषज्ञता के साथ मेडिसिन में डिग्री। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य प्रौद्योगिकी, डेयरी प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, जैव रसायन विज्ञान, सूक्ष्म विज्ञान, रसायन विज्ञान या मेडिसिन में स्नातक/स्नातकोत्तर/ डॉक्टरेट की डिग्री अथवा केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से खाद्य प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष अर्हता। असिस्टेंट पब्लिक एनालिस्टः रसायन विज्ञान/जैविक रसायन विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/डेयरी/तेल प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि अथवा चिकित्सा विज्ञान में उपाधि। जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंटः बी.फार्मेसी की उपाधि। नमूना सहायकः विज्ञान संकाय (रसायन विज्ञान सहित) में हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।



जेल विभाग एवं अन्य वर्दीधारी/प्रशिक्षक पदों के लिए

व्यायाम प्रशिक्षकः हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, पी.टी.एस.का प्रमाण पत्र/पत्रोपाधि अथवा शारीरिक शिक्षा में पत्रोपाधि के साथ 3 वर्ष का अनुभव। पुरुष परिचारक (मेलवर्स) एवं परिचारिका (नर्स): हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण; नर्स पद के लिए मान्यता प्राप्त संस्था से नर्सिंग प्रशिक्षण या पैरामेडिकल प्रशिक्षण अनिवार्य। एक्स-रे मशीन आपरेटरः जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विषय के साथ हायर सेकेंडरी (10+2) तथा रेडियोग्राफर/एक्स-रे तकनीशियन का 6 माह का निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। मैट्रूनः मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (कॉमन पाठ्यक्रम परीक्षा)।

एसआई से लेकर सिपाही तक ये योग्यता चाहिए

सूबेदार, उप निरीक्षक (एसआई), उप निरीक्षक (विशेष शाखा) और प्लाटून कमांडरः किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष तथा विभागीय भर्ती नियमों के अनुसार शारीरिक व अन्य अर्हताएं (इसके लिए कॉमन पाठ्यक्रम परीक्षा आयोजित होगी)। उप निरीक्षक (रेडियो): शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल,टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा तथा विभागीय शारीरिक व अन्य अर्हताएं। उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह) एवं उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज): मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित, भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र के साथ स्नातक उपाधि या समकक्ष तथा विभागीय शारीरिक व अन्य अर्हताएं। उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) एवं उप निरीक्षक (सायबर क्राईम): मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) या बीएससी (कंप्यूटर) में स्नातक या समकक्ष उपाधि तथा शारीरिक व अन्य अर्हताएं। आरक्षक (जीडी - जिला पुलिस बल/विशेष शाखा/दूरसंचार संवर्ग): मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण तथा शारीरिक एवं अन्य अर्हताएं। आरक्षक (अ - चतुर्थ श्रेणी / सामान्य शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग, गुप्तवार्ता/जिला-इकाई संवर्ग): मान्यता प्राप्त मंडल से हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण तथा शारीरिक व अन्य अर्हताएं। स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 एवं सहायक उप निरीक्षक (शीघ्रलेखक/सामान्य शाखा/अपराध अनुसंधान शाखा/गुप्तवार्ता शाखा/जिला-इकाई संवर्ग): नए नियमों के तहत इन पदों को भी संवर्ग सूची में जोड़ा गया है।

विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षक के लिए अर्हता

प्रेस फोरमैन, बढ़ई प्रशिक्षक, बुनाई प्रशिक्षक, सिलाई प्रशिक्षक): हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण तथा निर्धारित अन्य विभागीय अर्हताएं। लोहार प्रशिक्षक, प्रेस कम्पोजिटर, प्रेस मशीन मेन, ऑफसेट इन्स्ट्रक्टर, प्लेट मेकिंग मेन, नाई (पुरुष): हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण तथा निर्धारित विभागीय अर्हताएं। आरक्षक (आर्म्स ट्रेड - छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल): 10वीं उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त आईटीआई (आईटीआई) से ब्लैकस्मिथ/फिटर/टर्नर/मशीनिस्ट या वेल्डर ट्रेड में डिप्लोमा। विधि एवं न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला संवर्ग सहायक लोक अभियोजक (खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग): मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि एलएलबी)। इस पद के चयन के लिए भाग-अ अनिवार्य कॉमन और विशिष्ट परीक्षा आयोजित की जाएगी। विसरा कटर एवं बोन कटर (राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला): मान्यता प्राप्त मंडल से हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण (कॉमन पाठ्यक्रम परीक्षा आयोजित होगी)।



नहीं जल रहे चूल्हे... क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद सिलेंडर बुकिंग, खाद्य विभाग ने भेजी अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैस सिलेंडरों की रीफिलिंग के लिए बुकिंग कराने की बाध्यता शहरी क्षेत्र में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन तय है। इस बाध्यता के कारण शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को बुकिंग कराने के बाद लगभग 30 दिनों के बाद सिलेंडर मिल पाता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 50 दिन लग जाते हैं। अवकाश या अन्य कारण से कभी-कभी ग्रामीण क्षेत्र में बुकिंग कराने के 8 से 10 दिनों के बाद उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल पाते हैं। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के गैस उपभोक्ता ज्यादा परेशान है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा में सदस्यों ने इसे लेकर मुद्दा भी उठाया था, जिसके बाद खाद्य विभाग ने अब इस मामले में शासन को प्रस्ताव भेजा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग कराने की बाध्यता 45 दिन से घटाकर 30 दिन किए जाने की मांग की है।

- शहरी क्षेत्रों में 25 दिन में होती है बुकिंग, ग्रामीण में 30 दिन करने मांग
- अधिक सदस्य वाले परिवारों मुश्किल में, लकड़ी का प्रयोग करने विवश



सामान्य सभा में उठा था मामला

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए 45 दिनों की बाध्यता का मामला सदस्यों ने उठाया था। 10 जुलाई को हुई इस बैठक में कई सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की परेशानी बताते हुए कहा था कि ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों की बाध्यता रखी गई, लेकिन उपभोक्ता को रीफिलिंग सिलेंडर मिलते 50 से अधिक दिन लग जाते है, जबकि जिन परिवारों में सदस्यों की संख्या ज्यादा है, उनके यहां सिलेंडर 20 से 25 दिन तक ही चल पाता है। ऐसे में दूसरा सिलेंडर लेने के लिए उन्हें 50 दिन इंतजार करना पड़ता है।

शहरी क्षेत्र में डीएसी भी 90 प्रतिशत करने की मांग

खाद्य विभाग ने शहरी क्षेत्र में 100 प्रतिशत डीएसी की अनिवार्यता को भी कम कर 90 प्रतिशत किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्तओं को ई-केवाइसी एवं नाम में भिन्नता संबंधी अन्य समस्याएं के कारण गैस की बुकिंग कराने में समस्या आती है। इसे देखते हुए विभाग ने डीएसी का प्रतिशत घटाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा है।

लिख चुके पत्र

माना एवं नया रायपुर क्षेत्र के सभी गैस एजेंसी सहित शहरी क्षेत्र से लगे हुए सभी ग्रामीण गैस वितरक को 25 दिनों में गैस बुकिंग के संबंध में प्रावधान करने राज्य स्तरीय समन्वयक ऑयल उद्योग रायपुर को अप्रैल माह में पत्र लिखा जा चुका है।

– *कीर्तिमान सिंह राठौर*
अपर कलेक्टर

खबर संक्षेप



अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डूमरतराई में विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने ओजोन परत का महत्व, ओजोन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य आरएन त्रिवेदी, रीना सिंह, डॉ.रितु श्रीवास्तव, अर्चना उपाध्याय एवं प्रदीप चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

आज आएंगे भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवेश कुमार 17 तारीख को रायपुर आएंगे। वे यहां धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के बाराडेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे जहां सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत 25 हजार दिए जलाने का कार्यक्रम रखा गया है। प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सनम जांगड़े ने कहा, आगमन के दौरान माना एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारी है। राज्य में एससी आयोग, प्राधिकरण आदि का गठन कर समाज के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं तथा उसके अनुरूप काम किया जा रहा है।

अंबेडकर अस्पताल में विश्वकर्मा जयंती समारोह आज

रायपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के लांड्री विभाग में 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर लांड्री कर्मचारी के बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही दक्ष करकर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी लॉन्ड्री कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष धोबी समाज महानगर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, कर्मचारी नेता श्रेयस वैरागढ़े ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुरंदर मिश्रा होंगे। कार्यक्रक की अध्यक्षता धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। स्वागत समिति के अध्यक्ष अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर संतोष सोनकर होंगे। विशिष्ट अतिथि उपाधीक्षक डॉ अनिल बघेल, डॉ देव कुमार टंडन, डॉ. राजेंद्र अहीरे, डा. सौरभ जिंदल होंगे।

राउरकेला में कवि राजेश जैन हुए सम्मानित



रायपुर। हिंदी दिवस के अवसर पर संकल्प संस्थान राउरकेला (ओडिशा) द्वारा 14 सितंबर को विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कवि राजेश जैन राही को संकल्प साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया, जिसमें वर्षा कादमावाला वारि का पहले काव्य संग्रह 'मन की उजली धूप', हिंदी ग़ज़ल और कृष्ण कुमार प्रजापति संपादन डॉ अनिरुद्ध सिन्हा, मधुकर मिश्र की प्रतिनिधि ग़ज़लें संपादन डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति है।

रीएजेंट की सप्लाई बाधित, स्थानीय जांच नहीं इसलिए इलाज में देरी

रीएजेंट सप्लाई नहीं, सीबीसी मशीन डंप अटल आरोग्य लैब में 'सैंपल ओवरफ्लो'

- प्रदेश के करीब 8 सौ केंद्रों में बंद पड़ा था, कंपनी से करार के बाद जनवरी से हुआ था शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार कोशिशों के बाद शुरू हुए ब्लड सेल काउंट मशीन के एक बार फिर डंप होने का जोखिम बढ़ गया है। पिछले कुछ समय से रीएजेंट की सप्लाई बाधित होने की वजह से सैंपल जांच के लिए अटल आरोग्य लैब रवाना किए जा रहे हैं। वहां से रिपोर्ट मिलने में होने वाली देरी मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है जबकि स्थानीय स्तर पर जांच के बाद तत्काल उपचार की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी। इन सीबीसी मशीनों की सप्लाई राज्य के करीब आठ सौ स्वास्थ्य केंद्रों में हुई थी जिसके फिर से शुरू करने के लिए जनवरी महीने में करार किया गया था। जिला अस्पताल में संचालित अटल आरोग्य लैब में जांच सैंपलों का बोझ बढ़ने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। इसके साथ ही हेल्थ सेंटरों को अनावश्यक सैंपल भेजने पर मनाही भी लगाई जा रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि कई बीमारियों का पता लगाने के लिए सीबीसी जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किए जा सकते है मगर इससे संबंधित रीएजेंट की सप्लाई नियमित नहीं होने की वजह से इन सैंपलों को भी अटल आरोग्य लैब भेजा जा रहा है। इस टेस्ट की रिपोर्ट तत्काल प्राप्त हो सकती है, लेकिन बड़े लैब से उसके आने में तीन से चार दिन लगने की वजह से मरीजों का इलाज भी प्रभावित हो रहा है। करीब आठ सौ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इस ब्लड सेल काउंट मशीन की सप्लाई की गई थी। विवादों में आने के बाद मशीन बंद हो गया था। काफी प्रयास के बाद सीजीएमएससी ने इन मशीनों को शुरू कराया था और इसके रखरखाव की जिम्मेदारी दिल्ली की एक कंपनी को देते हुए उससे रीएजेंट खरीदने का करार किया था।



38 करोड़ की मशीन

स्वास्थ्य केंद्रों में जिन सीबीसी मशीन की सप्लाई की गई थी वह लगभग 38 करोड़ की थी। सप्लाई के बाद कुछ एक स्थानों पर इसका उपयोग हुआ था और ज्यादातर स्थानों इससे काम नहीं लिया जा सका था। विवाद टलने के बाद पुनः बड़ी राशि खर्च कर इसे चालू कराया गया था। करीब आठ महीने चलने के बाद उपयोग नहीं होने से बड़ा नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है।

काम कम, इसलिए बढ़ी निर्भरता

पीएचसी लेबल पर छोटी-छोटी जांच के लिए भी अटल आरोग्य लैब पर निर्भरता बढ़ी है। हेल्थ सेंटर से हर तरह की जांच के लिए सैंपल वहां भेजे जा रहे हैं, जिसकी वजह से दबाव बढ़ा हुआ है। जांच के झंझट से बचने के लिए भी स्थानीय कर्मचारी सैंपल जिला अस्पताल रवाना कर रहे हैं। बोझ बढ़ने की वजह से लैब से सैंपलों की संख्या कम करने का निवेदन भी स्वास्थ्य केंद्रों तक जा रहा है।

भाजपा नेता की गुंडागर्दी के विरोध में कांग्रेस ने घेरा गुढ़ियारी थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाने में कथित तोड़फोड़, पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार और टीआई नरेंद्र साहू के साथ कथित धक्कामुक्की के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने बुधवार को थाने के सामने करीब तीन घंटे धरना-प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घटना के करीब 24 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप लगाते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा और स्थानीय भाजपा विधायकों के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस थाने के भीतर इस तरह की घटना पुलिस के मनोबल से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने डीजे वाहन और कथित रूप से संबंधित अन्य वाहनों को छोड़े जाने पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक दबाव की आशंका जताई और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता टीआई नरेंद्र साहू को गुलदस्ता देने थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें भीतर जाने की अनुमति नहीं दी।

सार्वजनिक करें सीसीटीवी फुटेज

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए। यदि पुलिस थाने में पदस्थ टीआई के साथ ही दुर्व्यवहार और धक्कामुक्की की स्थिति बनती है तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शर्मा ने स्थानीय भाजपा नेताओं पर कथित आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने थाने के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने और अब तक गिरफ्तारी नहीं होने का कारण स्पष्ट करने की मांग की। करीब तीन घंटे बाद एएसपी आदित्य पांडेय ने प्रदर्शनकारियों से धरना समाप्त करने का अनुरोध किया। टीआई से मुलाकात नहीं हो सकी, जिसके बाद उनके लिए लाया गया गुलदस्ता एएसपी आदित्य पांडेय और डीसीपी पूर्णिमा लांबा को सौंपा गया।

पचपेड़ीनाका से रायपुरा तक हाईवे से कई जगह के ग्रिल गायब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका से रायपुरा तक हाईवे पर गाड़ियों की सुरक्षा के लिए ग्रिल लगाए गए हैं, वहीं रोड को हरा-भरा रखने एवं सौंदर्यीकरण के लिए ओवरब्रिज के बीचो-बीच डिवाइडर पर पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों की सुरक्षा के लिए भी दोनों तरफ लोहे के ग्रिल लगाए गए हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में अज्ञात चोर अब ग्रिल को ही काटकर ले जा रहे हैं।

हरिभूमि ने सोमवार को इस रोड की लाइव पड़ताल की। जहां इस रोड पर कहीं-कहीं ग्रिल ही गायब मिले। इससे पता चला कि चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि अब वे हाईवे रोड पर लगे ग्रिल काटकर भी ले जा रहे हैं।

लगभग 7 किमी. सड़क दो जगह 50 से 100 मीटर लंबी ग्रिल गायब

पचपेड़ीनाका से रायपुरा के बीच की दूरी 6.7 किलोमीटर है। इस हाईवे पर चार जगह ओवरब्रिज भी बने हुए हैं। इन सभी ब्रिज के दोनों तरफ चढ़ने एवं उतरने वाले रास्तों के किनारे-किनारे लोहे की ग्रिल लगाई गई हैं। ये ग्रिल वाहन सवार लोगों की सुरक्षा के लिए लगाई गई हैं, क्योंकि इस ग्रिल के बाद नाला बना हुआ है। इस नाले के बाद ही सर्विस रोड है, लेकिन ये ग्रिल को भी चोर चोरी करने से चुक नहीं रहे है। पचपेड़ीनाका ओवरब्रिज मठपुरैना के पास खत्म होता है। ब्रिज की ढलान की तरफ सुरक्षा के लिए लोहे के ग्रिल लगाए गए हैं, लेकिन लगभग 50 मीटर लंबी ग्रिल ही यहां से गायब हो गई है।

लाइव रिपोर्टिंग

भाठागांव के पास 100 मीटर डिवाइडर की ग्रिल चोरी

भाठागांव ओवरब्रिज पर कई जगह रोड को हरा-भरा एवं सौंदर्यीकरण करने के लिए एनएचएआई ने रोड डिवाइडर बनवाकर उसमें पौधा रोपण करने के साथ इन पौधों की सुरक्षा के लिए डिवाइडर के दोनों तरफ लोहे के ग्रिल लगाए गए हैं। पौधों और ग्रिल को लगाए लगभग दो साल ही हुए हैं, लेकिन पिछले कई महीनों से देखरेख नहीं होने के कारण अब चोर पौधों की सुरक्षा के लिए लगी ग्रिल को भी काटकर चोरी कर रहे हैं। भाठागांव से कुशालपुर वाले रास्ते में इंडियन पेट्रोल पंप के पास लगभग 100 मीटर का ग्रिल डिवाइडर से गायब है। चोर इसे काटकर ले गए।

सीमेंट से बने संकेतक पोल भी क्षतिग्रस्त

इस रोड पर नाला से वाहन सवार लोगों की सुरक्षा के लिए कई जगह पर संकेतक के रूप में एक से डेढ़ मीटर लंबे सीमेंट के पोल भी लगाए गए हैं। सभी पोल पर सफेद एवं काला कलर लगाया गया है, ताकि रात के समय में पोल आसानी से वाहन चालकों को दिखाई दें, लेकिन देखरेख के अभाव में ये पोल भी भाठागांव, कुशालपुर के पास कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई जगह तो पोल क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर गिरे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्रिल की चोरी और पोल को क्षतिग्रस्त हुए दो माह से अधिक समय बीत चुका है।



ऑल इंडिया मेमन समाज का राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 से

रायपुर। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित शगुन फार्म्स में दो दिवसीय 26 और 27 सितंबर को मेमन समाज का एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य जिम्मेदारी पूर्व महापौर एजाज ढेबर संभाल रहे हैं। इस आयोजन में सामाजिक एकजुटता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए हालाई मेमन जमात द्वारा आयोजित इस 2 दिवसीय सम्मेलन में 'यंग मेमन', मोहल्ला समिति, मेमन लेडीज विंग और 'मेमन फेमिनाज' संस्थाएं भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका, पूर्वी अफ्रीका, दुबई, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों से 12 विदेशी मेमन सदस्य शिरकत कर रहे हैं। इसके अलावा पूरे देशभर से 500 से अधिक मेमन समाज के अध्यक्ष एवं सेक्रेटरी भी इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के अध्यक्ष इकबाल मेमन ऑफिसर, ऑल इंडिया यंग मेमन विंग के अध्यक्ष इमरान फ्रूटवाला व अन्य पदाधिकारियों समेत विदेशों से आने वाले 12 प्रतिनिधियों के साथ-साथ देशभर से जुटने वाले मेमन नेतृत्वकर्ता भी हैं।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों को लेकर बीती रात होटल वेनिंगटन कोर्ट में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर गहन चर्चा की गई और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर मेमन समाज के अध्यक्ष अख्तर ढेबर, हनीफ गंज, तौहीद जादा, जुनैद थारा, ऑल इंडिया मेमन जमात के रीजनल वाईस प्रेसिडेंट अय्यूब पारेख, जोनल सेक्रेटरी आरिफ रावानी, रायपुर मेमन समाज के पूर्व प्रेसिडेंट रशीद मोकाती, उस्मान मोकाती, जब्बार गंज, अकरम सलाट, हनीफ उमरानी, अनीस लाम्बा, यंग मेमन कमेटी से जावेद ईशानी, मुश्ताक पटेल सहित समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य, मेमन समाज के डॉक्टर्स, टीचर्स, इंजीनियर्स व व्यापारी, बिलासपुर मेमन समाज के अध्यक्ष जहांगीर भामा रूप से मौजूद रहे।

भाठागांव-प्रोफेसर कालोनी में नाला निर्माण की लागत अब दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-5 के वामनराव लाखे वार्ड स्थित प्रोफेसर कालोनी और भाठागांव क्षेत्र में बारिश के समय जलभराव की समस्या से वहां के रहवासियों को राहत दिलाने नगर निगम ने 1 करोड़ 60 लाख की लागत से नाला निर्माण की योजना बनाई। इसके लिए शासन स्तर पर स्वीकृति भी मिल गई, पर एनएचआई की सड़क पर पाइपलाइन पुशिंग के लिए एनएचआई से अनुमति नहीं मिलने के कारण नाला निर्माण का काम सालभर से अटक गया है।

आम जनता को जलभराव से होने वाली परेशानी को देखते हुए एनएचआई के विभागीय अधिकारी और नगर निगम के आला अधिकारियों ने आपस में विचार-विमर्श कर योजना में तब्दीली करते हुए ओपन कलवर्ट के साथ पाइपलाइन पुशिंग कर नाला निर्माण का प्रस्ताव बनाया है, इससे नाला निर्माण की लागत बढ़कर 2 करोड़ 80 लाख यानी दोगुनी हो गई। अब यह काम रायपुर नगर निगम जोन-5 की जगह एनएच करेगा।



प्रोफेसर कालोनी के रहवासियों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए प्रस्तावित नाला निर्माण का एक हिस्सा एनएचआई की सड़क से होकर गुजरना है। नगर निगम की ओर से सड़क पर पाइपलाइन पुशिंग का काम कराने एनएचआई से अनुमति की जरूरत है, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से नाला निर्माण का काम अटक गया है। ऐसे में जोन-5 कमिश्नरी ने नए सिरे से इस्टीमेट तैयार कर डिमांड के लिए एनएचआई को भेज दिया है। जहां से वेरीफिकेशन होने के बाद नगर निगम की ओर से एनएचआई को यह राशि नियमानुसार ट्रांसफर कर दी जाएगी। एनएचआई अपने स्तर पर नाले और सड़क से संबंधित ले-आउट तैयार कर इसका निर्माण कराएगा।

दस्तावेज भेज दिए

नाला निर्माण में ओपन कलवर्ट ओर पाइपलाइन पुशिंग का काम एनएचआई के माध्यम से होगा। इस्टीमेट और डिमांड बनाकर संबंधित दस्तावेज एनएचआई को भेज दिए हैं।

– **खीरसागर नायक**
कमिश्नर जोन-5

हरिभूमि की खबर के बाद स्टॉफ बढ़ाने भेजा गया प्रस्ताव

12 गांव-दर्जनों नई कालोनियां, सेजबहार क्षेत्र में विद्युत शिकायत केंद्र में स्टॉफ-साधन की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सेजबहार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत 12 ग्राम शामिल हैं। इन ग्रामों में दर्जनों नई कालोनियां भी बन चुकी हैं, जहां सैकड़ों परिवार निवासरत हैं। इसके बाद भी इस क्षेत्र में विद्युत विभाग के वितरण शिकायत केंद्र में स्टॉफ जस के तस है। क्षेत्र विकसित हो चुका है, लेकिन स्टॉफ तथा साधन नहीं बढ़ाए जाने से इस क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था प्रभावित होने पर जल्द सुधर नहीं पाती है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भी परेशान होना पड़ रहा है। हरिभूमि ने इस खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था, जिसका असर अब देखने को मिला है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता संभाग की ओर से छग स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड को प्रस्ताव भेजा है, जिसमें सेजबहार वितरण केंद्र में स्टॉफ बढ़ाने के लिए भर्ती किए जाने की बात कही है। प्रस्ताव में बताया गया है कि सेजबहार वितरण केंद्र का भौगोलिक क्षेत्र विस्तृत एवं संरचनात्मक रूप से ऐसा है कि एक छोर में विद्युत व्यवधान होने पर दूसरे छोर में सुधार कार्य कर रही टीम को वहां सुधार कार्य कर लौटकर आने में कई घंटे लग जाते हैं। कर्मचारियों की भर्ती किए जाने से टीम अलग-अलग छोर में सुधार कार्य के लिए जा पाएंगे। क्षेत्र के लोगों के अनुसार कई बार तो एक छोर में सुधार कार्य के कारण दूसरे छोर में 6 से 8 घंटे के बाद टीम पहुंच पाती है। इस तरह विद्युत व्यवधान से उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी तथा रात में अंधेरे में भी कई घंटे गुजारने पड़ते हैं।


एक वाहन के भरोसे 12 गांव-दर्जनों कालोनियां
विद्युत बंद की शिकायतों पर छूटा विभाग का पसीना
8 कर्मचारी कार्यरत, इनमें 4 लाइन स्टॉफ

जोन केंद्र बनाने की मांग

जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने पूर्व में ही जनहित से जुड़े इस मामले में विद्युत विभाग के अफसरों से क्षेत्र के विद्युत वितरण केंद्र में स्टॉफ एवं साधन बढ़ाने के साथ जोन केंद्र बनाए जाने की मांग की है। वे सामान्य सभा की बैठक में भी यह मामला उठा चुके हैं।

7 कर्मचारी कार्यरत इनमें 4 लाइन स्टॉफ

क्षेत्रवासियों के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सेजबहार स्थित वितरण केंद्र में लगभग 7 स्टॉफ कार्यरत हैं। इनमें 4 लाइनमैन हैं, जिनमें से 3 संविदा पर कार्यरत हैं। स्टॉफ की तुलना में वितरण केंद्र अंतर्गत 12 ग्राम हैं, लेकिन इन ग्रामों में तथा आसपास लगभग 20 से 25 कालोनियां बन चुकी हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र की आबादी भी बहुत बढ़ गई है। बढ़ी आबादी के अनुसार विद्युत वितरण केंद्र में स्टॉफ के साथ साधन की बहुत कमी है।

1 कुशल एवं 2 अकुशल श्रमिक बढ़ाने का प्रस्ताव

जिला पंचायत की सामान्य सभा में विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेजबहार वितरण केंद्र में स्टॉफ की कमी को देखते हुए 1 कुशल एवं 2 अकुशल श्रमिकों की भर्ती करने के लिए कंपनी को प्रस्ताव भेजा है।

खबर संक्षेप



विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर होगा नवनिर्मित ओपन जिम का शुभारंभ

आरंग। जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर नवनिर्मित ओपन जिम का शुभारंभ किया जाएगा। पंचायत की ओर से तैयार किए गए इस ओपन जिम को उद्घाटन के बाद ग्रामवासियों को समर्पित किया जाएगा। खास बात यह है कि इसका उद्घाटन ग्रामवासियों के संयुक्त करकमलों से होगा। 'स्वस्थ ग्राम, सुंदर ग्राम' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में पंचायत की यह पहल ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगी। ओपन जिम में विभिन्न व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, जिनका लाभ युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुबह-शाम उठा सकेंगे। इससे ग्रामीणों को व्यायाम और फिटनेस के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरपंच दिव्या भोला जांगड़े ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त गांव की आधारशिला है। ओपन जिम ग्रामवासियों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में पंचायत का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों से इसका नियमित उपयोग करने और स्वस्थ ग्राम, सुंदर ग्राम के संकल्प को आगे बढ़ाने की अपील की।

रेवती बलदाऊ मंदिर में लगेंगे छप्पन भोग

आरंग। आरंग के ऐतिहासिक रेवती बलदाऊ मंदिर, ब्राह्मण पारा में 17 सितंबर को भाद्र शुक्ल षष्ठी संवत 2083 के पावन अवसर पर बलदेव जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष पर्व पर भगवान बलदाऊ और माता रेवती को भव्य छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस आयोजन के तहत प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच भगवान का अभिषेक एवं विशेष पूजन अनुष्ठान संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक दिव्य शृंगार, महाआरती और छप्पन भोग अर्पण का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक सुमधुर भजन-कीर्तन गूंजेंगे और सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। गोपाल संस्कृत प्रचारिणी सभा रेवती रमण मंदिर ट्रस्ट आरंग के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं से सपरिवार इस पावन आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

डॉ. प्रीति पाण्डेय राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

कूरा। शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवां की हिंदी व्याख्याता डॉ. प्रीति पाण्डेय को साहित्य, संपादन एवं शोध-लेखन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान के लिए राजस्थान की प्रतिष्ठित संस्था 'साहित्य-मण्डल, श्रीनाथद्वारा' द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें संस्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक अलंकरण समारोह (12 से 14 सितम्बर) में प्रदान किया गया, जहाँ उन्होंने अपना शोध आलेख भी प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर लौटने पर महाविद्यालय में एक विशेष अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर शर्मा एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एल. साहू द्वारा डॉ. प्रीति पाण्डेय को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया।

श्रीगणेश की आराधना के साथ निनवा में गूंजे लोकगीत और लोकगाथा के सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम निनवा के बाजार चौक में नवयुवक गणेशोत्सव समिति द्वारा विगत 35 वर्षों से लगातार भगवान श्री गणेश की स्थापना कर पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में समिति के तत्वावधान में तीजा-पोला और गणेशोत्सव के पावन अवसर पर बालक, बालिका और महिला वर्ग के लिए कुर्सी दौड़, ठेठरी-खुरमी दौड़, अंधा-लंगड़ा दौड़, बोरा दौड़, गेंद से गिलास गिराना, घड़ा-फोड़ व रस्साकशी जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजयी प्रतिभागियों को आयोजन समिति ने पुरस्कार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।



रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु जिला बालोद के ग्राम कनेरी की मंडली द्वारा मनमोहक लोकगाथा 'भरथरी' की सुंदर प्रस्तुति दी गई। मंच का सफल संचालन कवि ऋषि वर्मा, यशवंत वर्मा और होमलाल वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संयोजक कौशल वर्मा शिक्षक, संरक्षक गिरेन्द्र साहू पूर्व सरपंच, अध्यक्ष कमलनारायण साहू, उपाध्यक्ष ललित पैकरा, सचिव रोहित वर्मा, कोषाध्यक्ष सन्दीप निर्मलकर तथा सदस्य रवि शर्मा, मुकेश वर्मा, मनीष साहू, हरीश वर्मा, गोपेश्वर वर्मा, अर्जुन साहू, पवन वर्मा, अनिल साहू, का सक्रिय योगदान रहा।

संयोजक कौशल वर्मा ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को रात्रि 9 बजे 'स्वरागिनी डांस ग्रुप' के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गणपति विसर्जन से पहले पुलिस की सख्ती

आरंग। गणपति विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने मंदिर हसौद पुलिस ने ग्राम कुकरा में गणेश पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने गणेश समितियों और ग्रामीणों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी भी व्यक्ति के पास चाकू, छुरी अथवा अन्य हथियार पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिनके पास किसी भी प्रकार के हथियार हैं, वे तत्काल ग्राम सरपंच के पास जमा कर दें। विसर्जन के दौरान हथियार लेकर चलने या किसी तरह की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच नंदलाल डहरिया ने सभी गणेश समितियों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ गणपति विसर्जन करने की अपील की। उन्होंने



कहा कि विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति सदस्यों और युवाओं से किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहने की अपील की।

राजधानी रायपुर के चक्कर काटने की झंझट से मिली मुक्ति

नया उप पंजीयक कार्यालय भवन लोकार्पित, 60 गांवों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब साकार हो चुकी है। बुधवार को धरसींवा के पुराने तहसील परिसर में नए उप पंजीयक कार्यालय का गरिमामय माहौल में भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। इस नए कार्यालय के शुरू होने से धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के विकास पथ पर एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है।

अब क्षेत्र के लगभग 60 गांवों के हजारों ग्रामीणों को जमीन की खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री और नामांतरण जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्यों के लिए राजधानी रायपुर के चक्कर काटने की झंझट से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है। लोकार्पण के बाद नए कार्यालय भवन में प्रशासनिक कामकाज भी विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। धरसींवा के पुराने तहसील भवन को इसके लिए सर्वसुविधायुक्त तरीके से तैयार किया गया है, ताकि दस्तावेज पंजीयन कराने



आने वाले पक्षकारों और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने कहा, धरसींवा की जनता का विश्वास और उनका प्रेम ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आज इस उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था का विस्तार नहीं है, बल्कि यह हमारे किसान भाइयों, व्यापारियों और आम नागरिकों के समय, पैसे और ऊर्जा की बचत का एक बड़ा साधन है। अब तक हमारे क्षेत्र के लोगों को छोटे-छोटे रजिस्ट्री संबंधी कामों के लिए रायपुर जाना पड़ता था, जहां पूरा दिन बीत जाता था और ट्रैफिक से लेकर कतारों तक भारी परेशानी सहनी पड़ती थी। लेकिन आज से यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो गई है। मेरा संकल्प धरसींवा के हर गांव, हर गली तक मूलभूत सुविधाएं और पारदर्शी शासन पहुंचाना है। यह कार्यालय इस दिशा में एक बड़ा कदम है और आने वाले दिनों में क्षेत्र में विकास के कई और ऐतिहासिक कार्य धरातल पर नजर आएंगे।

इनकी रही उपस्थिति

भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केसरवानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, धरसींवा सरपंच साहिल खान, पूर्व सरपंच विद्या भूषण वर्मा, पूर्व सरपंच रेमन पाल, विवेक शर्मा, तहसीलदार सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

विधायक ने 1.12 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा/कूरा

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत कुंरा में आज विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने करकमलों से नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कुल 1.12 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी।

विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन कुल लागत 68.65 लाख : मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण वार्ड क्र. 01, 24.49 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य। एम.आर.एफ सेंटर संयंत्रीकरण स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत 29.46 लाख की लागत से आधुनिक संयंत्र स्थापना। सी.सी. रोड निर्माण वार्ड क्र. 08, 14.70 लाख की लागत से सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण।

जनता को समर्पित हुए ये नवनिर्मित कार्य कुल लागत 43.98 लाख: क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए पूरे हो चुके इन कार्यों का लोकार्पण कर इन्हें जनता को सौंपा गया। कार्यालय भवन अतिरिक्त कक्ष वार्ड क्र. 13, 28.98 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त प्रशासनिक कक्ष। विश्वकर्मा समाज सामुदायिक भवन वार्ड क्र. 13, 5 लाख की लागत से सामाजिक भवन का निर्माण। हमर क्लीनिक प्रतीक्षालय वार्ड क्र. 12, 5 लाख की लागत से मरीजों के लिए प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम) का निर्माण।

ये रहे उपस्थित

इस गरिमामय अवसर पर राकेश यादव, गोविंद साहू, सैयद राजा कवर अली, हेमीन साहू, योगेश साहू, मोहन प्रजापति, संतोष साहू, ईश्वर यादव, सुधीर दूबे, मुकेश सिन्हा, अंजली गुप्ता, किरण साहू, जमुना धृतलहरे सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, स्थानीय वरिष्ठ नेता, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

मोदी की गारंटी से विकास की मुख्यधारा : समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा, आज 68.65 लाख की लागत से नए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 43.98 लाख के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण इस बात की गवाही दे रहा है कि धरसींवा का सर्वांगीण विकास अब थमने वाला नहीं है। उन्होंने आगे कहा, चाहे बात सड़कों के संजाल की हो, बुनियादी अधोसंरचना की हो, या हर वर्ग तक जन-कल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने की हमारी साय सरकार बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित कर रही है।

विश्वकर्मा समाज सहित नगरवासियों ने जताया आभार : कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों और विशेष रूप से विश्वकर्मा समाज के नागरिकों ने सामुदायिक भवन व अन्य सौगातों के लिए विधायक अनुज शर्मा का पारंपरिक रीति-रिवाजों, तिलक-आरती और गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

डिजिटल भुगतान की लागत का बोझ आखिर किस पर पड़ेगा : डहरिया

मंदिर हसौद/आरंग। 15 अक्टूबर से 2,000 से अधिक के चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत तक मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू किए जाने के फैसले पर पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने सवाल उठाया है। एनपीसीआई के अनुसार 75,000 या उससे अधिक के लेनदेन पर एमडीआर अधिकतम 300 होगा, जबकि आम नागरिकों के लिए यूपीआई भुगतान सीधे तौर पर शुल्कमुक्त रहने की बात कही गई है। डहरिया ने कहा कि "यह स्पष्ट करना जरूरी है कि शुल्क ग्राहक से सीधे नहीं लिया जा रहा है, लेकिन व्यापारी पर पड़ने वाली किसी भी अतिरिक्त लागत का असर बाजार में किस रूप में दिखाई देगा, इस पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।" उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई ने देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में नई शुल्क व्यवस्था लागू करते समय छोटे व्यापारियों के हितों की



पर्याप्त सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। खासकर उन कारोबारियों के लिए, जिनके लेनदेन का बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यम से होता है। डहरिया ने कहा कि एनपीसीआई ने इस व्यवस्था के पीछे डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे, साइबर सुरक्षा और नवाचार के लिए स्थायी आर्थिक आधार तैयार करने का तर्क दिया है। अगर शुल्क लगाने का उद्देश्य डिजिटल व्यवस्था को और मजबूत करना है, तो सरकार को यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि इससे जुटने वाली राशि का उपयोग किस तरह और किस अनुपात में किया जाएगा। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, यूपीआई को लोकप्रिय बनाने में जनता और व्यापारियों ने सहयोग किया है। डिजिटल इंडिया का उद्देश्य केवल डिजिटल लेनदेन बढ़ाना नहीं, बल्कि उसे आम आदमी और छोटे कारोबारियों के लिए सरल, सुरक्षित और किफायती बनाए रखना भी होना चाहिए।

अवैध कारोबार पर अकुंश लगाने पुलिस का शिकंजा

सिलयारी। सिलयारी पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। चौकी प्रभारी सुशील वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मलौद में कथित रूप से अवैध शराब कारोबार से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार संबंधित लोगों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद संबंधित लोगों को न्यायालयीन प्रक्रिया का सामना करना पड़ा। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के बाद भी गांव में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। ग्रामीणों के मुताबिक कुछ कथित शराब कोचिए दोबारा सक्रिय होकर गांव में शराब उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई होने के बाद यदि संबंधित लोग फिर से उसी गतिविधि में संलिप्त पाए जाते हैं, तो मामले की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जरूरत है। लंबे समय से चल रही ऐसी गतिविधियों के कारण गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है और युवाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ग्रामीणों ने पुलिस एवं आबकारी विभाग से मांग की है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री और कथित कोचियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए। वहीं पुलिस द्वारा लगातार की जा रही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी जारी है।

सेवा संकल्प अभियान की कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ राज्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर पीएम श्री अरुंधती देवी उत्कृष्ट विद्यालय आरंग में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं नोडल प्राचार्य संध्या रानी बारीक के मार्गदर्शन में हुई।

प्राचार्य संध्या रानी बारीक ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनसेवा के प्रति विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेना, केंद्र व राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, उपलब्धियों के साथ जनसेवा की भावना को



बढ़ावा देना तथा जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ते हुए आशीर्वाद दीप, चित्रकला, निबंध, रंगोली एवं भाषण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। प्राप्त शेड्यूल के अनुसार अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में संकुल समन्वयक पोखन साहू सहित संकुल के सभी स्कूल, शिक्षकगण आकाश विश्वास, विद्या चंद्राकर, रुक्मणी पटेल, अनुसूइया साहू, चित्रा देवांगन, पूनमचंद पटले, लता ध्रुव एवं कल्पवृक्ष, सृजन सोनकर, राधाकृष्ण विद्यालय से भी शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

हैंडबॉल में मिताली का राज्य स्तरीय पर चयन

आरंग। गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, आरंग की प्रतिभावान छात्रा मिताली यादव ने अंडर-17 वर्ग हैंडबॉल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मिताली का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मिताली यादव ने रायपुर संभाग की ओर से खेलते हुए चयन प्रक्रिया में शानदार प्रदर्शन किया। रायपुर संभाग में शामिल लगभग 80 बालिकाओं के बीच आयोजित चयन प्रक्रिया में अपने खेल कौशल, फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर मिताली ने राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। मिताली के पिता धुलेश यादव और माता कविता यादव ने भी अपनी पुत्री की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन, खेल शिक्षिका कोच प्रियल साहू का धन्यवाद करते हुए मिताली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य हरेश कुमार दास, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिताली को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। मिताली की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता उनके निरंतर अभ्यास, मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।

सांस्कृतिक व खेल कार्यक्रम के साथ हुआ तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जय माँ सतबहिनिया दुर्गा समिति, साहड़ा चौक तुलसी द्वारा आयोजित तीज महोत्सव एवं खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत आरंग के सभापति लुकेश साहू उपस्थित रहे। साथ ही सरपंच गिरधर साहू, उपसरपंच टिकलेज मार्कण्डेय एवं पंचगण नेतराम साहू, चिंताराम निषाद, चंद्रशेखर साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस



अवसर पर समिति के सदस्यगण ओमप्रकाश साहू, भीषण निषाद, शोभित निषाद, देवप्रकाश निषाद, खोभन साहू, हेमलाल डौंडेकर, लखन निषाद, रिंकू निषाद, नरेंद्र ध्रुव, रामखेलावन यादव, चुनू निषाद एवं गंगू निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। तीज महोत्सव एवं खेल प्रतियोगिता ने ग्रामवासियों में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे की भावना को और मजबूत किया।



दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा व विकास बोर्ड का हुआ स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (क्षेत्रीय निदेशालय, रायपुर) का स्थापना दिवस समारोह चंगोराभाटा स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में अत्यंत उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष समारोह का मुख्य विषय श्रमिक सशक्तिकरण-विकसित भारत 2047 एक सामूहिक संकल्प रखा गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख श्रमिक नेताओं, अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक प्रमोद रत्नपारखी ने की,



जबकि मंच का सफल संचालन पशुपति नाथ शाह द्वारा किया गया। समारोह में अखिल भारतीय मजदूर संघ के महासचिव राधेश्याम जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने नए लेबर कोड के विविध प्रावधानों और श्रमिकों के जीवन पर पड़ने वाले इसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ प्रतिनिधि बनाफर उपस्थित रहे, जिन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी बोर्ड द्वारा श्रमिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का ब्योरा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों का ज्ञानवर्धन, कौशल विकास और जागरूकता ही किसी भी देश की औद्योगिक प्रगति का असली आधार है।

विशेष अतिथि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथन आचार्य ने संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों की वर्तमान स्थिति पर गहन चिंतन व्यक्त किया।

उन्होंने श्रमिकों को तकनीकी परिवर्तनों के अनुसार खुद को ढालने का सुझाव दिया। वहीं, शारडा एनर्जी एंड मिनिरल्स लिमिटेड के मानव संसाधन प्रमुख विवेक चौधरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में श्रमिक वर्ग सबसे मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कार्य-कौशल में निरंतर वृद्धि करने और नई तकनीकों को अपनाकर उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया।

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



17 शिव-पार्वती संग भगवान गणेश ...

16

सिटी इवेंट

स्वदेशी और डेटा-संचालित तकनीकी से जल प्रबंधन की जटिल चुनौतियों का समाधान



रायपुर। ट्रिपल आईटी में भूजल अध्ययन में अंतरविषय अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान और ट्रिपल आईटी के बीच एमओयू किया गया। बुधवार को ट्रिपलआईटी-नवा रायपुर के निदेशक और आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के निदेशक की उपस्थिति में समझौता किया गया। आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई, जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के तहत संचालित भारत का प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जो विशेष रूप से भूजल प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और अनुसंधान के लिए समर्पित है। वहीं, ट्रिपलआईटी-नया रायपुर, छत्तीसगढ़ सरकार और एनटीपीसी का एक संयुक्त उद्यम है, जो सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रतिबद्ध है। आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई की हाइड्रोगेयोलॉजिकल विशेषज्ञता और ट्रिपलआईटी-नया रायपुर की संगणकीय व विश्लेषणात्मक क्षमताओं को मिलाकर, यह साझेदारी जल प्रबंधन की जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्वदेशी और डेटा-संचालित तकनीकी समाधान विकसित करेगी। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से भूजल डेटा का विश्लेषण करेंगे, स्वदेशी सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करेंगे, अपने परिसरों में भूजल संरक्षण को बढ़ावा देंगे और अपने कार्यालयों में आधुनिक आईसीटी उपकरणों का उपयोग बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थान सहयोग के दौरान एक-दूसरे को अपने बुनियादी ढांचे की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराएंगे।

स्टूडेंट्स को शोध और इंटर्नशिप का मिलेगा अवसर

इस सहयोग के तहत ट्रिपलआईटी-नया रायपुर के छात्रों को आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई में इंटर्नशिप और अल्पकालिक परियोजनाओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा, साथ ही स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों के शोध निबंधों को भूजल की वास्तविक समस्याओं से जोड़ा जाएगा।

तकनीकी सहयोग, ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान

यह समझौता मुख्य रूप से तकनीकी सहयोग, ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान तथा क्षमता निर्माण पर केंद्रित है और इसके अंतर्गत किसी पक्ष पर कोई प्रत्यक्ष वित्तीय दायित्व निहित नहीं है। यह समझौता हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होकर प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा तथा आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई की ओर से गतिविधियों के समन्वय हेतु वैज्ञानिक-डी डॉ. अजय कुमार सिन्हा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

लाइव इवेंट

ओजोन परत की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका



रायपुर। अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर बुधवार को सीएसआर कौशल विकास केंद्र में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ओजोन परत के महत्व, इसके संरक्षण तथा इसे नुकसान पहुंचाने वाले कारकों की जानकारी दी गई। कंपनी के पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने इस वर्ष की थीम ग्लोबल एक्शन फॉर ए कूलर प्लेनेट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ओजोन परत को नुकसान पहुंचने से मनुष्य, जीव-जंतु और पेड़-पौधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे त्वचा संबंधी बीमारियों और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है।

क्विज और भाषण प्रतियोगिता में 75 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए ओजोन संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 75 स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पर्यावरण अधिकारियों ने विद्यार्थियों के ओजोन परत से संबंधित प्रश्नों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उपस्थित सभी लोगों ने ओजोन परत के संरक्षण के लिए शपथ भी ली। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राजपाल सिंह ने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संदेश के माध्यम से सभी से ओजोन परत के संरक्षण में सहयोग करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की। कार्यक्रम में कंपनी के पर्यावरण विभाग एवं सीएसआर विभाग की टीम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनआईटी के स्टूडेंट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम कंप्यूटिंग पर कर रहे नवाचार


चिकित्सा, कृषि, यातायात की समस्या और आपदा से पलक झपकते निपटेगा एआई का स्मार्ट सिस्टम

एनआईटी के स्टूडेंट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम कंप्यूटिंग पर नवाचार कर रहे हैं। यह नवाचार स्वास्थ्य सेवा, कृषि एवं आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस विषय में देश एवं विदेशों से कुल 285 शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 42 शोध-पत्रों को प्रस्तुति के लिए चयनित किया गया। एनआईटी के विशेषज्ञ प्रो. दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग अत्यंत उपयोगी एवं प्रासंगिक तकनीकें बन चुकी हैं।



रायपुर। स्टूडेंट्स और शोधार्थियों के लिए इसे सीखने और इसमें नवाचार उभरती तकनीकों, अनुसंधान, प्रकाशन तथा परामर्श के क्षेत्र में की जा रही शैक्षणिक पहल, प्रारंभिक कंप्यूटर प्रणालियों से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम तकनीक तक कंप्यूटिंग के तेजी से हुए विकास, कृषि, यातायात प्रबंधन एवं स्मार्ट प्रणालियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में इन तकनीकों के अनुप्रयोग को लेकर शोध किए जा रहे हैं। एआई के उपयोग से इन विविध क्षेत्रों में नवाचार से दक्षता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। इसके अलावा कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग के बदलते परिदृश्य से स्मार्ट ग्रिड, विद्युत प्रणालियों, विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका कमाल करने वाली है। इस तरह से एनआईटी के एआई शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को अनुसंधान, शिक्षण एवं समस्या-समाधान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एआई एक उपयोगी साधन बना है।





विशेषज्ञों की टीम कर रही रिसर्च

एनआईटी में हाल ही में 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग का आयोजन किया गया था। इस मंच पर संस्थान के स्टूडेंट्स के अलावा देश-विदेश के संस्थानों से शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की टीम कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग के क्षेत्र में उभरते विकास एवं नवीनतम तकनीकी पर मिलकर नवाचार कर रहे हैं। यह नवाचार स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट ग्रिड, विद्युत प्रणालियों, विनिर्माण, साइबर सुरक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से समस्या का उन्नत समाधान कर सकेगा।

एआई एवं मशीन लर्निंग पर 42 शोध-पत्र प्राप्त

एनआईटी में स्टूडेंट्स व शोधार्थियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग पर अब तक 42 शोध-पत्र प्राप्त हो चुका है। प्रो. नरेंद्र डी. लोधे रजिस्ट्रार एनआईटी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तेजी से विकसित हो रही तकनीकों के संदर्भ में समय-समय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन लगातार किया जा रहा है, ताकि एआई एवं मशीन लर्निंग को लेकर संस्थान के स्टूडेंट्स को नवाचार के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिल सके। फिलहाल स्वास्थ्य सेवा, कृषि एवं आपदा प्रबंधन, प्रशासनिक सर्विसेस को उन्नत बनाने की दिशा में स्टूडेंट्स व शोधार्थी नवाचार कर रहे हैं।

देश के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थाओं के साथ भी समन्वय

एनआईटी कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे विषय की बारिकीयों को समझने और नवाचार के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद, आईएसएम धनबाद, दिल्ली विश्वविद्यालय सहित विदेशों से भी शैक्षणिक संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रोफेसर, नवाचारी शोधार्थी स्टूडेंट्स के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान किया जा रहा है। ताकि कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एवं लर्निंग के बदलते परिदृश्य, उपयोगिता और नवाचार को सार्थक बनाया जा सके।

विद्यार्थी पढ़ाई और कोचिंग के बीच कला केन्द्र के लिए निकाल रहे समय



रायपुर। स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई के साथ ही 400 से अधिक छात्र-छात्राएं कला और शौक को पूरा करने के लिए भी समय निकाल रहे हैं। जीई रोड स्थित कला केंद्र में स्थानीय कला और संस्कृति को संवारने का एक प्रमुख केंद्र है। केन्द्र के संचालक एवं गिटार के प्रशिक्षक राहुल ठाकुर ने बताया कि 24 विधाओं में कला प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थी आते हैं। स्कूल-कॉलेज शुरू होने के बाद कोचिंग करने वाले विद्यार्थी शाम 4 से रात 8 बजे तक चलने वाले प्रशिक्षण क्लास में सबसे ज्यादा 6 से 8 के बीच आते हैं। छोटे संगतकारों की टोली 4 से 6 के बीच प्रशिक्षण के लिए आती है। गायन, वादन और नृत्य सहित मेंहदी, गिटार तबला वादन में अब छात्राएं भी रुचि लेने लगी हैं। केन्द्र संचालक ने बताया कि केन्द्र में आने वाले विद्यार्थी गुरुओं के सानिध्य में नियमित अभ्यास करते हैं।



बच्चों का लगाव गायन और नृत्य में ज्यादा

बच्चों और युवाओं का लगाव गायन और नृत्य में ज्यादा है। अधिकांश बच्चों और युवाओं ने अपने ट्यूशन टाइम और प्रशिक्षण के समय में तालमेल बनाने के लिए प्रशिक्षण के लिए पहले तय समय में बदलाव किया है। पर्याप्त समय होने से उनकों भी ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। वह लगन से प्रशिक्षण केन्द्र में समय देते हैं। नौकरी पेशा कला प्रेमियों के पास भी समय को लेकर ज्यादा दिक्कत नहीं रहती है। कई विद्यार्थी कोचिंग के बाद कला केन्द्र आते हैं। इससे उनका समय मैनेज होने के साथ घर लौटने का रुटीन तय है। इसका पालन करने वाले विद्यार्थी ज्यादा है।

24 से अधिक विधाओं में हो रहे हैं पारंगत

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोग कला सीख रहे हैं। केंद्र में शास्त्रीय नृत्य, सुगम संगीत, चित्रकला, मिट्टी कला (क्ले आर्ट), गिटार, तबला, हारमोनियम और ताइक्वांडो जैसी 24 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। केन्द्र के संचालक ने बताया कि परिसर में कलाकारों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक रिकॉर्डिंग रूम और सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए पारंगत किया जाता है। इसमें कई कलाकार ऐसे भी है जो कॉलेजों में भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था और राष्ट्रीय मुद्दों पर रखे अपने विचार

रायपुर। लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने और संसदीय कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव लेने के उद्देश्य से भारती विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा आईक्यूएसी सेल के सहयोग से दो दिवसीय युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतीकात्मक लोकसभा सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों ने सांसदों की भूमिका निभाते हुए शिक्षा व्यवस्था और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में युवाओं ने प्रश्न, तर्क और विचारों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। संसदीय प्रक्रिया, बहस और संवाद के इस अभ्यास ने प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से समझने का अवसर दिया। आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को शून्यकाल, सरकारी विधेयकों पर चर्चा और बहस का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपने पक्ष को तथ्यों और तर्कों के साथ सदन में रखा। स्पीकर की भूमिका ऋषि राज पांडे और मुस्कान साहू ने निभाई। उन्होंने सत्र का संचालन करने के साथ प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक संपदा बैस एवं सरिता गुप्ता ने छात्र समन्वयकों अनिरुद्ध पचकावड़े, पवन सिंह राजपुरोहित एवं मयंक गांधी के सहयोग से किया। समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



कार्नर न्यूज

महाराष्ट्र मंडल में नागरिक संवाद का आयोजन

जेन जी को हम एक ही चश्मे से नहीं देख सकते, नई पीढ़ी को उपदेश नहीं संदेश चाहिए



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में जेन जी और संस्कार विषय पर नागरिक संवाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में वक्ता के रूप में विचारक, चिंतक, लेखक डा. चितरंजन कर, डा. मानिक विश्वकर्मा, हिंदी साहित्य परिषद के शशांक शर्मा, पैरेंटिंग कोच हर्षदा टिचकुले, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले शामिल हुए। संवाद की शुरूआत डा. चितरंजन कर ने अपने सारगर्भित वाख्यान से की। उन्होंने कहा कि एक बार स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सत्य स्वरूपानंद जी ने कहा था, युवा वह जो वायु की दिशा बदल दें। आज हमारे जेन जी भी कुछ ऐसे ही है। उनमें भी वायु की दिशा बदले की शक्ति है। जरूरत है उन्हें सही दिशा देने की। सूचना बाहर से आती है और ज्ञान अंदर आता है।



किसी देश की तस्वीर देखनी है तो आपको बच्चों को देखना होगा। बच्चा जितना संस्कारी होगा वह देश उतना समृद्ध होगा। उक्ताशय के विचार विचारक, चिंतक, लेखक डा. चितरंजन कर ने महाराष्ट्र मंडल में आयोजित जेन-जी और संस्कार विषय पर आयोजित नागरिक संवाद में कहीं। बता दें कि नागरिक संवाद का आयोजन महाराष्ट्र मंडल की परिवार परामर्श और साहित्य समिति ने किया थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. कर ने आगे कहा कि जेन जी में संस्कार है। कुछ लोगों की कारनामे के कारण पूरे जेन जी को हम एक ही चश्मे से नहीं देख सकते। बच्चों को उपदेश नहीं संदेश चाहिए।

हमें बच्चों को समझने की जरूरत

पैरेंटिंग कोच हर्षदा टिचकुले ने कहा कि बच्चों को अच्छे पैरेंटिंग की जरूरत है। हम बच्चों को संस्कार दे नहीं रहे और उनसे 1988 वाले बच्चों के संस्कार की उम्मीद कर रहे है। आज बच्चों के आधुनिक उपकरण समय की जरूरत है। हमें बच्चों को समझने की जरूरत है। हमें कहा जाता था, किसी को कुछ बोलने के पहले 100 बार सोचो, लेकिन आज हमें बच्चों को कहने की जरूरत है कि कोई भी पोस्ट करने के पहले 100 बार सोचो। कार्यक्रम को शिक्षाविद राजीव कुमार, शताब्दी पांडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार शशांक खरे ने किया।

2047 के भारत की कल्पना जेन जी ही साकार करेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. मानिक विश्वकर्मा ने कहा कि हमारी पीढ़ी अपने बच्चों के लिए सुरक्षा चाहती है। फिर वह नौकरी की सुरक्षा हो या जीवन की, लेकिन वहीं जेन जी रफ्तार चाहती है। वह समय के साथ दौड़ रही है। हमें आज खुद की समीक्षा करने की जरुरत है। जो खुद की समीक्षा नहीं करता वह किसी की समीक्षा नहीं कर सकता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदी साहित्य परिषद के शशांक शर्मा ने कहा कि मेरे घर में 6 जेन जी के बच्चे है। और मुझे यह बिल्कुल भी नहीं लगता कि जेन जी में संस्कार की कमी है। आज की जेन जी तर्कसंगत कार्य कर रही है। आज वे मंदिरों में और लौट रहे हैं। 2047 के भारत की कल्पना जो जेन जी जेन अल्फा ही साकार करेंगे।

गणेशोत्सव



जय श्रीराम गणेश उत्सव समिति, कालीबाड़ी हनुमान नगर



अष्टविनायक परिवार मठपारा



श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति, मठपारा



श्री गणनायक गणेश उत्सव समिति, शांति नगर, दुर्गा नगर केनाल रोड



श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति, बैरन बाजार कुंदरा पारा



जे.के. मित्र मंडल लिली चौक, पुरानी बस्ती



नवयुवक गणेशोत्सव समिति, आजाद चौक, टेकारी (अभनपुर)



द रॉयल क्लब शीतला चौक, मठपारा

शिव-पार्वती संग भगवान गणेश की नंदी पर सवारी पहाड़ का दिव्य स्वरूप भक्तों को कर रहा मोहित

राजधानी में गणेश उत्सव, पंडालों में बढ़ने लगा उत्साह, शाम से देर-रात तक दर्शन करने के लिए लग रहा तांता

विघ्नहर्ता की सेवा के लिए दिव्य पंडाल सजाने वाली समितियों ने इस बार भक्तों के लिए आकर्षक स्वरूप में न केवल पंडालों को भव्य स्वरूप दिया है , बल्कि विघ्नहर्ता को भी अलग-अलग मुद्रा में स्थापित किया है। इस बार भी लाखेनगर में स्थापित शिव पार्वती संग भगवान गणेश नंदी पर सवार हैं। पहाड़ का दिव्य स्वरूप भक्तों के बीच चर्चा का विषय है। वहीं प्रभात टाकीज के पास पंडाल में आदिवासी परिधान में रिद्धि-सिद्धि के साथ भगवान गणेश की एक झलक पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

रायपुर। सड़कों और बाजारों में सजाए गए पंडालों में भगवान गणेश की पूजा उत्सव का हिस्सा बनने और दर्शन लाभ लेने के लिए भक्तों की भीड़ अब बढ़ने लगी है। लोग परिवार के साथ उत्साह से सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा सजाए गए पंडालों में पहुंचने लगे हैं। इस बार भी तात्यापारा चौक, नवीन मार्केट और लाखेनगर तक भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। लाखेनगर में दिव्य प्रतिमा और आकर्षक लाइटिंग सहित साज-सज्जा इस बार भी भक्तों को पसंद आ रही है। यहां लोगों को दर्शन करने के लिए





चलित झांकियां उत्सव में आकर्षण का केन्द्र

भक्तों को दुलारी नगर में सजाए गए पंडाल में स्वर्ग और नर्क का नजारा देखने को मिल रहा है। जहां लोगों को कर्म के अनुरूप फल और नर्क में मिलने वाली सजा का चलित चित्रण भा रहा है। अमरनाथ गुफा का अलौकिक दृश्य ही नहीं, हारर गुफा में भूत-पिशाच भक्तों को डराने के लिए शोर मचाने से हर वर्ग का लगाव गुफा के प्रति बढ़ा है। इसके लिए लोग अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं। दुलारी नगर युवा मारवाड़ी मुक्तिधाम के पास मैदान में स्थापित प्रतिमा दर्शन और झांकी लोगों के बीच चर्चा का विषय है। लोग परिवार के साथ दर्शन करने लिए पंडाल में पहुंचने लगे हैं।



दर्शन के लिए उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

गुढ़ियारी, समता कालोनी, आमापारा चौक से लोग लाखेनगर चौक पहुंच रहे हैं। खमतराई, श्रीनगर, फाफाडीह की तरफ से आने वाले लोग गुढ़ियारी में दर्शन करने के बाद पंडालों में विघ्नहर्ता की आराधना के बाद एक-एक करके लाखेनगर चौक पहुंचे ही वहां से आगे बढ़ने की जगह आकर्षक मुद्रा में निहारते और फोटो बनाते नजर आते हैं। ओपन साज-सज्जा होने से लोगों को लाइन लगाने और इंतजार करने जैसी स्थिति का भी सामना नहीं करना पड़ रहा है।

इंतजार करने जैसी स्थिति भी नहीं है। इसके बाद भी विघ्नहर्ता को माता-पिता के साथ नंदी और त्रिशूल धारण किए हुए देखना भी अलौकिक है। दर्शन करने के लिए निकलने वाले भक्तों को अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर भी पंडाल के आसपास मिलने से उत्सव का माहौल निर्मित हो रहा है।

विश्वकर्मा जयंती पर पूजा महोत्सव का आगाज पांच दिनों तक उमड़ेगा भक्ति का सैलाब

रायपुर। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय पूजा महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में समाज की परंपरा, श्रम और कौशल के साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी गई। इस दौरान रक्तदान शिविर और नेत्र जांच शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। वहीं छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि पांच दिवसीय आयोजन के माध्यम से बच्चों और युवाओं को मंच देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनकी प्रतिभा स्थानीय स्तर से निकलकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रम को पूजा मानने वाला विश्वकर्मा समाज सामाजिक सेवा में भी आगे है। आयोजन के तहत युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। वहीं दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया के सहयोग से महावीर इंटरनेशनल के माध्यम से नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जरूरतमंदों को जांच के बाद चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे।



समारोह में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित समाज के अध्यक्ष रमेश शर्मा, संरक्षक रामेश्वर विश्वकर्मा, मणिक विश्वकर्मा, बृजमोहन शर्मा, पार्षद श्वेता विश्वकर्मा, पूजा समिति अध्यक्ष अखिलेश विश्वकर्मा तथा महेंद्र विश्वकर्मा सहित समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी विश्वकर्मा ने किया।

आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाज के लोगों से अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीप' जलाने की अपील भी की गई। समाज की ओर से प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की जाएगी।

तीन दिवसीय भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह की शुरूआत: जिला सिविल कॉंट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन रायपुर द्वारा तीन दिवसीय भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन गांधी मैदान बूढ़ापारा में आयोजित किया गया है। बुधवार को पहले दिन भगवान विश्वकर्मा का आगमन व स्वागत के साथ समारोह की शुरूआत हुई। जिला सिविल कॉंट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष शिवनारायण तामकार ने बताया कि समारोह में समाज व एसोसिएशन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

मंदिर बनवाने रजिस्ट्री के बाद गूंजा श्याम बाबा का जयघोष

रायपुर। सड्डू क्षेत्र में श्री श्याम बाबा के भव्य मंदिर एवं विशाल सेवा परिसर निर्माण का वर्षों से संजोया गया सपना अब साकार होने लगा है। इस दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए श्री श्याम सेवा मंडल, सड्डू-रायपुर द्वारा मंदिर निर्माण के लिए चयनित भूमि की रजिस्ट्री को विधिवत संपन्न किया। भूमि की रजिस्ट्री पूर्ण होते ही मौके पर मौजूद 100 से अधिक मंडल सदस्यों एवं श्याम भक्तों में उत्साह की लहर दौड़ गई। रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ उत्सव का माहौल बन गया। श्याम भक्तों ने एक-दूसरे को तिलक लगाया, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हुआ। श्री श्याम सेवा मंडल के अनुसार प्रस्तावित मंदिर परिसर करीब 20,000 वर्गफीट में होगा। मंदिर में श्री श्याम बाबा, भोले बाबा, बजरंगबली एवं श्री गणेश जी महाराज की भव्य प्रतिमाएं विराजमान होंगी। प्रस्तावित परिसर में लगभग 15,000 वर्गफीट का विशाल एवं सर्व सुविधायुक्त बैंक्वेट हॉल, करीब 60 कमरों की व्यवस्था तथा लगभग 10,000 से 15,000 वर्गफीट का सुंदर लॉन विकसित करने की योजना है।



12 दिसंबर को मंदिर निर्माण करने भक्त करेंगे भूमि पूजन

मंदिर निर्माण की शुभ यात्रा की अगली महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में 12 दिसंबर को भूमि पूजन एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर देशभर में लोकप्रिय भजन गायक कन्हैया मित्तल विशेष आकर्षण होंगे। उनकी भजन प्रस्तुति के साथ रायपुर एवं देश-प्रदेश के लोकप्रिय भजन कलाकारों को भी आयोजन से जोड़ने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां शुरू की गई हैं। भूमि पूजन एवं भजन संध्या का आगामी आयोजन श्याम भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक अवसर होगा।

श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में मुनि श्री आगम सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में किया गया विधान

दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ, मुनिश्री के सानिध्य में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया 'उत्तम क्षमा' धर्म

कार्नर न्यूज



रायपुर। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में जारी समयोपदेश वर्षायोग के अंतर्गत मुनि श्री आगम सागर जी महाराज संघ के सानिध्य में दशलक्षण पर्यूषण महापर्व के पहले दिन अत्यंत भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ उत्तम क्षमा दिवस मनाया गया। सुबह के धार्मिक अनुष्ठान एवं श्रावक संस्कार शिविर पर्व के प्रथम दिन प्रातः कालीन बेला में मुनि संसंघ के सानिध्य में श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत 5.30 बजे प्रार्थना एवं ध्यान योग से की गई। इसके बाद सुबह 6.30 बजे श्रीजी का अभिषेक एवं पूजन भक्तिभाव से किया गया। वर्षायोग समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं कार्यकारी अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया कि सुबह 8.15 बजे श्रद्धालुओं ने तत्त्वार्थ सूत्र की धार्मिक कक्षा के माध्यम से स्वाध्याय का पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके बाद प्रातः 9 बजे मुनि श्री आगम सागर जी महाराज की मंगल देशना संपन्न हुई। सुबह 9.30 बजे मुनि श्री संसंघ की आहार चर्या निर्विघ्न संपन्न की गई।



धार्मिक क्रियाओं के यह रहे सौभाग्यशाली परिवार

पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन जिनालय में विविध धार्मिक क्रियाओं को कराने का पुण्य लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। प्रथम 4 स्वर्ण कलशों से श्रीजी का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सनत कुमार जैन, संजय जैन सतना, सुमित पंड्या एवं धर्मचंद जी गंगवाल को प्राप्त हुआ। विश्व शांति एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए रिद्धि-सिद्धि प्रदाता शांतिधारा करने का पुण्य लाभ सनत कुमार जैन, मनोज जैन, रोमिल जैन, सौम्य कुमार जैन एवं चूड़ीवाला परिवार को प्राप्त हुआ। मूलनायक भगवान के ऊपर प्रथम छत्र अर्पित करने का सौभाग्य प्रीतम जैन, सरिता जैन, श्रद्धेय जैन एवं दीप्ति जैन को प्राप्त हुआ।

विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट में भव्य पारणा महोत्सव 20 को

विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट एवं अद्भुत चतुर्मास समिति द्वारा भव्य पारणा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन गुरुवर्या श्री सिद्धांत ज्योति श्री जी महाराज साहेब आदि ठाणा की निश्रा में चल रहे चतुर्मास महोत्सव के अंतर्गत 20 सितंबर को 89वें वर्धमान ओली जी का भव्य पारणा महोत्सव आयोजित होगा। इस महोत्सव को लेकर समाज में भारी उत्साह का माहौल है। यह महोत्सव में सुबह 8 बजे पारणा कार्यक्रम प्रारंभ होगा तथा सुबह 9.30 बजे से 108 व्यक्तियों एवं जोड़ों द्वारा 20 स्थानक की भव्य एवं अति भव्य पूजा आयोजित की जाएगी। रायपुर में पहली बार इतनी भव्य 20 स्थानक पूजा बिना किसी नखराना के आयोजित की जा रही है। श्रद्धालुओं को केवल पूजा के वस्त्रों में आना होगा, शेष समस्त व्यवस्था ट्रस्ट एवं समिति द्वारा की जा रही है। 19 सितंबर को दोपहर 2 बजे से सांझी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रायपुर के विभिन्न मंडलों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम की सहयोगी संस्था भैरव भक्त मंडल है। इस पारणा महोत्सव के लाभार्थी सुमन सिंघी परिवार, रायपुर-राजनांदगांव हैं। चतुर्मास के अंतर्गत प्रथम रविवार को अरिहंत वंदना, द्वितीय रविवार को मातृ-पितृ पूजन, भगवान नेमीनाथ कल्याणक पर नेमी-राजुल संवाद की भावुक प्रस्तुति तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में नौकार जाप का आयोजन किया गया, जिसमें 1 लाख से अधिक माला फेरने की बोली लगी। इसके साथ ही निगोद तप, तेले और अठाई के तपस्वियों का ट्रस्ट द्वारा भव्य बहुमान किया गया तथा मेहंदी सांझी एवं शाही बरघोड़े के साथ पारणा आयोजित किए गए। चतुर्मास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।







ट्रैफिक एडवाइजरी जारी, जाम से बचने वैकल्पिक मार्ग का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को शहर के अलग-अलग स्थानों में कई कार्यक्रम आयोजित है। इस कारण शहर के यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के विष्णुदेव साय का शाम सात बजे तथा रात आठ बजे मरीन ड्राइव तथा महादेव घाट में रोड शो का आयोजन संभावित है। इसके अलावा इंडोर स्टेडियम में सुबह श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में शामिल होने राज्य के अन्य जिलों से लोग पहुंचेंगे। आज अलग-अलग जगह होने वाले आयोजन से रिंग रोड के साथ शहर के व्यस्त इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होगा। होने वाले अलग-अलग आयोजन के साथ गणेशोत्सव को देखते हुए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही करने अपील की है।

इन मार्गों पर ट्रैफिक प्रभावित

सेवा संकल्प अभियान में मुख्यमंत्री का मुख्यमंत्री निवास से कलेक्टोरेट चौक, शंकर नगर अंडर ब्रिज, मरीन ड्राइव, कटोरातालाब में शाम सात बजे रोड शो का आयोजन किया जा सकता है। इसके अलावा मुख्यमंत्री रिंग रोड रायपुरा के रास्ते महादेव घाट में आयोजित कार्यक्रण में रोड शो में शामिल हो सकते हैं। इस कारण इस मार्ग में भी ट्रैफिक प्रभावित हो सकता है।

मुख्यमंत्री का मरीन ड्राइव सहित महादेव घाट में रोड शो


बसों के लिए निर्धारित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था

- पचपेड़ी नाका चौक की ओर से आने वाली बसों के लिए इन स्थानों में पार्किंग व्यवस्था की गई है।

पचपेड़ी नाका चौक, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा पुलिस लाइन, सिग्नल गेट , परिक्रमा पथ, बुद्धेश्वर चौक, इंडोर स्टेडियम।

- भाटागांव चौक की ओर से आने वाली बसें।

भाटागांव चौक, भगत सिंह चौक, टिकरापारा, चांदनी चौक, बूढ़ा तालाब परिक्रमा पथ, कैलाशपुरी ढाल, बूढेश्वर चौक, इंडोर स्टेडियम।


फाइल फोटो

छोटी चारपहिया गाड़ियों के लिए पार्किंग व्यवस्था

श्रमिक सम्मेलन में आने वाली छोटी चारपहिया गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था सप्रे शाला मैदान में निर्धारित की गई है। वाहन चालक निर्धारित मार्ग का उपयोग करते हुए अपने वाहन को सप्रे शाला मैदान में पार्क करेंगे तथा कार्यक्रम स्थल तक आवश्यकतानुसार पैदल पहुंचेंगे।

सेवा संकल्प अभियान रूट डायवर्सन

- तेलीबांधा थाना तिराहा से तेलीबांधा चौक होते हुए मरीन ड्राइव की ओर आने वाले वाहनों को तेलीबांधा थाना तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा।
- कटोरा तालाब की ओर से मरीन ड्राइव जाने वाले वाहनों को कटोरा तालाब चौक से डायवर्ट किया जाएगा।
- शंकर नगर की ओर से भारत माता चौक होते हुए मरीन ड्राइव की ओर जाने वाले वाहनों को अनुपम नगर चौक से डायवर्ट किया जाएगा।
- शास्त्री चौक से भगत सिंह चौक होते हुए मरीन ड्राइव की ओर जाने वाले वाहनों को शास्त्री चौक से वैकल्पिक मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- कटोरा तालाब, इनकम टैक्स कॉलोनी की ओर से आने वाले वाहनों को इनकम टैक्स कॉलोनी टर्निंग से डायवर्ट किया जाएगा।

इन मार्गों पर आवागमन एवं पार्किंग प्रतिबंधित

- भगत सिंह चौक से खजाना चौक तक दोनों ओर
- भगत सिंह चौक से शंकर नगर अंडर ब्रिज तक दोनों ओर
- भगत सिंह चौक से तेलीबांधा चौक तक दोनों ओर
- आनंद नगर चौक से भारत माता चौक एवं कटोरा तालाब चौक तक दोनों ओर

गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था

- गॉस मेमोरियल ग्राउंड
- मल्टी लेवल पार्किंग, अंबेडकर चौक
- ऑक्सीजोन के किनारे का मार्ग
- शांति नगर विमतारा रोड
- सूर्य नमस्कार केनाल रोड
- बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर

खबर संक्षेप

शराब के लिए पैसा नही देने पर कैंची से हमला

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने एक स्कूटी सवार युवक की पीठ पर कैंची से हमला कर घायल कर दिया। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में मंगलवार देर रात 10.30 बजे की है। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर राजा साहू पर कान्हा यादव ने चाकू से हमला किया। घटना दिनांक को गणेश पंडाल के पास खड़े आरोपी युवक ने पीड़ित से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। बीच बचाव करने पहुंची पीड़ित की पत्नी के साथ भी आरोपी युवक ने मारपीट की है।

गरीबों का आशियाना उजाड़ रही तानाशाह सरकार

रायपुर। गणेश उत्सव के पावन एवं उल्लासपूर्ण पर्व के बीच राजधानी रायपुर के माठागांव स्थित रावतपुरा कॉलोनी (फेस 2) में नगर निगम और प्रशासन द्वारा अचानक चलाए गए बुलडोजर ने शासन-प्रशासन के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर कर दिया है। सुबह 8 बजे से लगभग 40 मध्यम और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों के निर्मित मकानों को जमींदोज करने की इस बर्बर कार्रवाई पर कड़े शब्दों में आपत्ति जताते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने इसे "अत्याचार और तानाशाही की पराकाष्ठा करार दिया है।

निधन

कमला पांडेय

रायपुर। ग्राम सारागांव खरोरा निवासी कमला (चंद्रलेखा) पाण्डेय (74) का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 सितंबर को सुबह 10 उनके निवास स्थान से सारागांव मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जनकलाल पाण्डेय की पत्नी एवं देवी प्रसाद पाण्डेय की माता थीं।



कृष्णावंती विग

रायपुर। रायपुर निवासी कृष्णावंती विग का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर को सुबह 11. 30 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विग साहब की माता थीं।



गोलबाजार और गुढ़ियारी में आजादी से पहले शुरू हुई थी गणेश स्थापना एवं पूजा की परंपरा

तिलक के अभियान को गोलबाजार और गुढ़ियारी ने बढ़ाया आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भक्ति सिर्फ भगवान के प्रति नहीं देश के प्रति भी होनी चाहिए। पं. बाल गंगाधर तिलक के इन विचारों से जन-जन को जोड़ने के लिए 1888 में महाराष्ट्र (पुणे) में विघ्नहर्ता की स्थापना की। इसके बाद 1893 में उन्होंने बनारस में आराध्य देव की स्थापना करते हुए क्रांति की मशाल से भी जन-जन को जोड़ने का प्रयास शुरू किया, लेकिन 136 साल पहले 1890 में गोलबाजार के व्यापारियों ने बाल गंगाधर तिलक के आह्वान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। तिलक की भावनाओं से जुड़े गुढ़ियारी के व्यापारियों ने भी वर्ष 1900 में गणेश स्थापना शुरू की। तब 8 हजार रुपए में मनाया गया उत्सव पर अब करीब 40 लाख खर्च हो रहा है।

गोलबाजार में 1890 से की जा रही गणेश स्थापना के संदर्भ में श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति हनुमान मंदिर के निर्देशक केदारनाथ गुप्ता ने बताया कि पंडित बाल गंगाधर तिलक ने सबसे पहले पुणे में गणेश उत्सव का शुभारंभ किया, ताकि लोग उत्सव के साथ एकता के सूत्र में बंधें। हमने समिति के पुराने लोगों से सुना है कि तब पूजा किस तरह शुरू हुई, इसमें प्रमुख कौन थे। इसको लेकर भी लोग कुछ नहीं बताते थे। श्री हनुमान मंदिर के एक कमरे में ही पेंटर से प्रतिमा बनवाने के बाद व्यापारियों ने पुणे में पूजा शुरू होने के दूसरे साल ही गणेशोत्सव का शुभारंभ किया। उस दौर में आपसी मेलजोल बढ़ाने और एकजुटता पर जोर देने का क्रम आजादी का सूत्रधार बना। बाजार के चारों तरफ फैला सड़कों का जाल गोल बाजार गुंबद के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास ही खत्म होता था. यानी उन दिनों यह बाजार का केन्द्र बिन्दु था, इसलिए व्यापारियों ने गणेश स्थापना यही शुरू किया।





अलग खबर

मुकुट पहनाने की परंपरा भी दशकों पुरानी

श्री गुप्ता ने बताया कि अभी तो लाखों रुपए पूजा पर खर्च होने लगा है। आस्था के साथ भव्यता भी बढ़ गई है। तीन लाख से ज्यादा की मूर्तियों और झांकियों सजाई गई है। विघ्नहर्ता को स्वर्ण एवं रत्न जड़ित मुकुट पहनाने की परंपरा का भी निर्वहन दशकों से किया जा रहा है। 136 साल पहले गणेशोत्सव का शुभारंभ बताया जाता है कि गोल बाजार के व्यापारियों ने ही शुरू किया था। गुढ़ियारी और महाराष्ट्र मंडल में आजादी से पहले ही गणेशोत्सव की परंपरा शुरू हुई। आजादी के बाद आयोजनों का सिलसिला आगे बढ़ा और अब आराध्य देव की पूजा घरों, आफिसों में भी होती हैं।

तब 8 हजार में की गई थी 11 दिन पूजा

श्री गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष राकेश ढुग्गड़ ने बताया कि आस्था का रंग बाल गंगाधर तिलक के आह्वान से चढ़ना शुरू हुआ। यह स्थापना का 106वां वर्ष है, यानी वर्ष 1900 में इस पूजा उत्सव का आगाज गुढ़ियारी के व्यापारियों ने शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तब व्यापारियों ने आपसी तालमेल से गणेश स्थापना पर 8500 रुपए खर्च किया था। आजादी के बाद पूजा उत्सव की भव्यता बढ़नी शुरू हुई। इस बार करीब 40 लाख रूपए पूजा उत्सव में खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1900 में गणेश स्थापना के लिए पहली मूर्ति पेंटर रामरतन बेरिया ने 500 रुपए में बनाया था।

शराब घोटाला: कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल की न्यायिक रिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाला मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के बाद उनकी रिमांड 30 सितंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया। रामगोपाल अग्रवाल रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्हें शराब घोटाले के मामले में एसीबी ने गिरफ्तार किया है, जबकि ईडी ने कोल और शराब घोटाला मामलों में गिरफ्तार किया है। मामले में जांच एजेंसियां वित्तीय लेन-देन और कथित मनी ट्रेल से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

बिजनेस साइट

सीआईआई यंग इंडियंस के 'युवा उत्सव 5.0' का रायपुर में सफल समापन



रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा इकाई यंग इंडियंस रायपुर का वार्षिक सम्मेलन 'युवा उत्सव 5.0' बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। 'वन भारत स्पिरिट' थीम पर आयोजित सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, उद्योगपतियों, निवेशकों, स्टार्टअप संस्थापकों और 2000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। समापन सत्र में उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने युवाओं से आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा और तकनीक का समन्वय सामाजिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सीआईआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष बजरंग गोयल ने युवाओं को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने पर जोर दिया। यंग इंडियंस रायपुर के चेयरमैन पंकज सोमानी ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभिन्न सत्रों में ऐश्वर्या गोयल, अभिनव जैन, अभिषेक जायसवाल, राहुल कपूर, राउल जॉन अजू, अर्जुन वैद्य, कुशल अग्रवाल और सृष्टि तनवानी ने पूंजी प्रबंधन, नेतृत्व, एआई और स्टार्टअप विस्तार पर विचार साझा किए।

पालकों के लिए 19 सितंबर को होगा पैरेंटिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम



रायपुर। बच्चों के बेहतर भावनात्मक एवं समग्र विकास तथा अभिभावकों और बच्चों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 19 सितंबर को शहर में पैरेंटिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शनिवार को सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक महाराणा प्रताप स्कूल, केसरी बगीचा के पास, भाटागांव में आयोजित होगा। कार्यक्रम में गुडविल हॉस्पिटल के एमडी डॉ. सत्यजीत साहू बतौर वक्ता शामिल होंगे। वे अभिभावकों को सकारात्मक पैरेंटिंग, बच्चों को बेहतर ढंग से समझने, भावनात्मक कल्याण और उनके समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य पालकों को व्यावहारिक जानकारी और उपयोगी टूल्स उपलब्ध कराना है, ताकि वे बच्चों के साथ मजबूत संबंध विकसित करने के साथ उनके आत्मविश्वास और क्षमताओं को बढ़ाने में सहयोग कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन प्योर द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक पालकों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

नक्सल पुनर्वास केंद्रों में बुनाई प्रशिक्षण के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

समग्र हाथकरघा विकास योजना के तहत नक्सल पुनर्वास केन्द्रों में नवीन बुनाई प्रशिक्षण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 27.20 लाख रुपए की आर्थिक स्वीकृति दी गई है। इससे बसतर संभाग के चार अलग-अलग केंद्रों के कुल 80 हितग्राहियों को बुनाई का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।


फाइल फोटो

- 27 .20 लाख स्वीकृत, बस्तर के चार केंद्रों में होगी ट्रेनिंग

प्रत्येक केंद्र को 6.80 लाख आबंटन

ग्रामोद्योग विभाग के सचिव सह संचालक सह प्रबंध संचालक राजेश सिंह राणा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए समग्र हाथकरघा विकास योजना के तहत नक्सल पुनर्वास केन्द्रों में नवीन बुनाई प्रशिक्षण के लिए आर्थिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में 11 सितंबर को आदेश जारी हुआ है। इस आदेश के अनुसार यह राशि बस्तर संभाग के चार अलग-अलग केंद्रों के लिए स्वीकृत की गई है। इन केंद्रों में कुल 80 हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नवीन बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह प्रत्येक केंद्र के लिए 6 लाख 80 हजार रुपए आबंटन किया है।

आयुर्वेद को मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग ने जोर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुर्वेद को मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसे लेकर 23 सितंबर को राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम छत्तीसगढ़ समेत देशभर में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तर्क दिया है कि आयुर्वेद डाक्टर गहन, सूक्ष्म और प्राचीन ज्ञान की नवीनता के मानक के साथ सफल चिकित्सा के नए आयाम स्थापित करते जा रहे हैं। अभियान के छत्तीसगढ़ राज्य संयोजक डॉ. अजय कृष्ण कुलश्रेष्ठ का सह-संयोजक डॉ. नरेन्द्र दत्त मिश्रा ने कहा कि इसके लिए जिलों के आयुर्वेद डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गयी है जो कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपेंगे।

- राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम देशभर में कलेक्टरों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 80 वर्ष व्यतीत होने के पश्चात भी भारतीय सनातन स्वरूप में से एक 'आयुर्वेद' भारत की मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के स्थान पर अभी तक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति तक ही सीमित है, जो वेदना का विषय है। आयुर्वेद केवल चिकित्सा विज्ञान ही नहीं अपितु जीवन का विज्ञान है। आयुर्वेद चिकित्सा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर विश्वविद्यालय व अनुसंधान केन्द्रों तक विकसित कर नये चिकित्सा संसाधनों, तकनीकी उपकरणों से सुसज्जित कर आम जनता को राहत दी जाये। कोरोना काल में आयुर्वेद ने अपनी सर्वश्रेष्ठता सिद्ध कर लाखों जिंदगियों को मौत से बचाया है, यह इसका जीवंत प्रमाण है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल -12, रायपुर

आम सूचना

जारी दिनांक- 16.09.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बलजीत भाटिया पिता/पति अमोलक सिंह भाटिया निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पडरीतराई पटवारी हल्का नंबर 47 राजस्व निरीक्षक मण्डल -12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 438/1 का भाग शीट नं. 24 प्लाट नंबर 27/1 ध रकबा 4000 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 18.08.2026 के परिपालन में दिनांक 21.09.2026 को समय 12:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 47 के लोधीपारा में स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

रा.नि.मं.
रायपुर - 12



पेज 13 के शेष ...

जीएसटी में बड़ा आदेश...

प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विभाग ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कैविएट भी दायर कर दिया है। खास बात ये है कि यह मामला धरसींवा के भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था।

विस में उठा था...

उन्होंने 10 मार्च.2025 को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से प्रमुखता से सदन के पटल पर रखा। सदन में चौतरफा घिरने के बाद विभागीय मंत्री ने मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराकर कड़ी कार्रवाई करने की आधिकारिक घोषणा की। उसके बाद जांच में गड़बड़ी मिलने पर यह फैसला लिया गया।

सीजीपीएससी घोटाले में आठ...

के नाम और उनके आधिकारिक पद का भी इस्तेमाल किया गया। जांच में बोरघरिया के बैंक खाते में अलग-अलग लेन-देन के जरिए 66.64 लाख रुपए नकद जमा होने की जानकारी सामने आने की बात भी ईडी की ओर से कही गई है। उत्कर्ष चंद्राकर की ओर से बोरघरिया के खाते में सात लाख रुपए ट्रांसफर किए जाने की भी जांच की जा रही है।

कूड़े की निगरानी के...

जरिए सड़क किनारे कचरा फेंकने, वाहन से कचरा उतारने और खुले में कचरा डालने वालों की पहचान की जाएगी। रिकॉर्डिंग के आधार पर संबंधित व्यक्ति या वाहन तक पहुंचकर कार्रवाई की जाएगी।

23 संवेदनशील स्थानों पर...

नहीं हो पाती। कैमरों से रिकॉर्ड फुटेज मिलने पर इस समस्या का समाधान होगा। कैमरों को सोलर पैनल और माइक्रोचिप सिस्टम से संचालित किया जाएगा, जिससे बिजली की नियमित सप्लाई पर निर्भरता कम होगी। कैमरों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित कंपनी को तीन साल तक दी जाएगी। इसके लिए 15वें वित्त आयोग से स्वच्छता और निगरानी व्यवस्था के लिए मिले फंड का उपयोग किया जाएगा।

तकनीकी विवि बनाएगा...

द्वारा नियुक्त खेल क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति, खेल विशेषज्ञ तथा शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

मिलेगी मजबूती : विश्वविद्यालय परिनियम के अनुसार, पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और वे दूसरे कार्यकाल के लिए पात्र नहीं होंगे।

कप्तान वर्ग का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। खेलकूद गतिविधियों एवं वित्तीय अनुशासन के लिए पृथक से 3 से 5 उपसमितियों के गठन का भी प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय ने इस नई खेल समिति से सत्र 2026-27 में खेल गतिविधियों के अधिक व्यवस्थित संचालन तथा विश्वविद्यालय की खेल टीमों की तैयारियों को संस्थागत रूप से मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है।

समिति में ये नाम...

प्राचार्य डॉ.वर्षा चौरसिया को संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य वर्ग से सदस्य बनाया गया है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. हरीश घृतलहरे, विवेक मिश्रा एवं डॉ.आरजी ब्रजेश तथा संबद्ध महाविद्यालयों से विजय शुक्ला, केपी यादव एवं सोमेश यादव को सदस्य नियुक्त किया गया है।







नमो नमः

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजबूती का पर्याय कहे जा सकते हैं। उनके फैसले हमेशा चौंकाने वाले रहे हैं।

निर्णयों पर दृढ़ रहने की इच्छाशक्ति उन्हें दूसरे लौह पुरुष के रूप में स्थापित करती है।

मौका हो कोई भी, मोदी जहां भी होते हैं, उनका असर दिखता है। उनकी बातों का राष्ट्र पर गहरा असर होता है।











मोदी है, तो मुमकिन है...

1. जब ऐतिहासिक वादा निभाया
   अयोध्या में राम मंदिर
   अयोध्या में भव्य राममंदिर, भाजपा का प्रमुख वादा था। मंदिर के भूमि पूजन का साथ ही यह वादा भी पूरा हो गया और राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है।
2. जब साहस दिखाया
   समूचे देश की एक धारा कश्मीर में धारा
   370 को हटाने का मजबूत संकल्प सिर्फ मोदी दिखा पाए। जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर पूरे देश को एक धारा में बांधा।
3. जब इच्छाशक्ति दिखाई
   लॉकडाउन का उदाहरण रखा
   देश में कोरोना को रोकने का सबसे प्रभावी मंत्र यहीं रहा। इससे देश को कोविड के खिलाफ तैयारी का मौका मिला। दुनिया ने इस कदम की सराहा।
4. जब देश को नया बल दिया
   रफाल, शक्ति का नया सम्मान
   देश के शौर्य को बढ़ाने वाला कदम। वायुसेना की ताकत को नया बल मिला। रफाल के आने से चीन-पाक जैसे देशों के खिलाफ बड़ा फायदा मिलेगा।
5. जब देश के मस्तक को ऊंचा किया
   स्वच्छ भारत अभियान
   देश भले ही आजाद हो चुका था। लेकिन गंदगी का गुलाम था। देश में पहली बार मोदी ने सफाई को कल्चर बनाया। अब यह हमारी जीवनशैली है।
6. जब देश की महिलाओं को सशक्त किया
   ट्रिपल तलाक से आज़ादी
   मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी दिलाई। महिलाओं के मान गरिमा भावना की सगड़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया।
7. जब हर महिला को उज्जवल भविष्य दिया
   उज्जवला योजना
   गरीब महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने वाली यह योजना उनको मुफ्त गैस सिलेंडर का हक देती है। देश में 8 करोड़ से ज्यादा उज्जवला कनेक्शन जारी।
8. जब हर गरीब को आयुष्मान कहा
   आयुष्मान भारत योजना
   देश के गरीबों की स्वास्थ्य का अधिकार दिया। इस योजना में देश के गरीब परिवार के करीब 50 करोड़ लोगों को 15 लाख का सुरक्षा कवर मिला।



खबर संक्षेप

व्यवसायिक भवन के अवैध हिस्से को गिराया



रायपुर। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 5 नगर निवेश विभाग ने चंगोराभाठा में 2 व्यवसायिक भवन के अनाधिकृत भाग को हटाने की कार्रवाई की। संबंधित भवनस्वामियों द्वारा करीबन 1500 वर्गफीट में 2 अलग-अलग स्थानो में भूतल पर अनुमति के विपरीत किये जा रहे व्यवसायिक भवन के अनाधिकृत भाग को नोटिस देने के हटाया गया। स्थल पर जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गनिर्देशन एवं सहायक अभियंता नागेश रामटेके की टीम ने अभियान चलाकर यह कार्रवाई की।

बिना अनुमति व्यवसायिक निर्माण पर एक्शन

रायपुर। जोन 5 की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित गोलचौक मार्ग में मानसरोवर भवन के स्वामी द्वारा तृतीय तल पर बिना अनुमति किये जा रहे अनाधिकृत व्यवसायिक निर्माण को जेसीबी से हटाया। संबंधित स्थल से सेंटरिंग होम वर्क सरिया बल्ली एवं अन्य निर्माण सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार स्थल पर की गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर इन दिनों नगर निगम के सभी दस जोनों में बिना अनुमति अनाधिकृत निर्माण और नक्शा स्वीकृति के विपरीत हुए निर्माण को सूचीबद्ध कर जोन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। जोन 5 की टीम ने एक ही दिन में दो जगहों पर अभियान चलाकर अनाधिकृत निर्माण को हटाने तत्परता दिखाई।

इग्नू ने फिर बढ़ाई आवेदन तिथि, अब 30 तक प्रवेश

रायपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई-2026 सत्र में नए दाखिले और दोबारा पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी है। इग्नू के अधिकृत अध्ययन केंद्र पर ओडीएल और ऑनलाइन, दोनों माध्यमों से प्रवेश प्रक्रिया जारी है। किसी संस्थान में प्रवेश न पाने वाले विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं। प्रबंधन के अनुसार, इग्नू में विद्यार्थियों की रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न स्नातक और परास्नातक कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इसके अंतर्गत बीए ऑनर्स, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीएससी ऑनर्स, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू, बीसीए, एमसीए समेत कई पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इग्नू में वर्ष में दो बार दाखिले और परीक्षाएं आयोजित होती हैं। इग्नू देशभर में 350 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित करता है। जुलाई 2026 सत्र में अधिसूचित कार्यक्रमों के लिए ओडीएल और ऑनलाइन मोड में आवेदन किया जा सकता है। हालांकि सेमेस्टर आधारित और सर्टिफिकेट कार्यक्रम इसमें शामिल नहीं हैं। ओडीएल मोड और ऑनलाइन मोड के लिए पृथक लिंक जारी किए गए हैं। पुनः पंजीकरण पर 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकता है। विद्यार्थियों से अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

आज से महीनेभर चलेगा सेवा संकल्प अभियान, 1479 बूथों पर जलेंगे आशीर्वाद के दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा रायपुर जिला 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक महीनेभर 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत जिले में स्वच्छता अभियान, रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई व माल्यार्पण, फल वितरण, भंडारा और 'आशीर्वाद का दीया' समेत 16 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का भाव प्राथमिकता रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन और जनप्रतिनिधि के रूप में उनके 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसी भावना के साथ पूरे जिले में सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सुबह से शुरू होंगे कार्यक्रम

17 सितंबर को सुबह 7 बजे रायपुर नगर निगम और बिरगांव नगर निगम के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे जिले के 51 प्रमुख स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई और माल्यार्पण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। मेकाहारा अस्पताल में विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में फल वितरण और डीकेएस अस्पताल में भंडारा भी आयोजित होगा। अभियान के प्रमुख आकर्षणों में शाम को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम रहेगा। तेलीबांधा तालाब में शाम 7 बजे दीप उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा खारुन नदी के महादेव घाट, बूढ़ा तालाब, भारत माता चौक, अंबेडकर प्रतिमा स्थल, गायत्री प्रभा पीठ और बिरगांव सहित विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलन के कार्यक्रम होंगे।



1479 बूथों पर होगा 'आशीर्वाद का दीया'

भाजपा जिला संगठन के अनुसार रायपुर शहर जिले के 1479 बूथों में भी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में शारदा चौक से एमजी रोड, गुरुनानक चौक, फूल चौक, तात्यापारा और आजाद चौक क्षेत्र में भी दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। वहीं रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के नेतृत्व में बूढ़ा तालाब के चारों दिशाओं में कार्यक्रम प्रस्तावित है।

विभिन्न मोर्चा को दी गई जिम्मे

महिला मोर्चा की ओर से महादेव घाट स्थित खारुन नदी, किसान मोर्चा की ओर से भारत माता चौक, अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से अंबेडकर प्रतिमा, जनजाति मोर्चा की ओर से गायत्री प्रभा पीठ, ओबीसी मोर्चा की ओर से बिरगांव और अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भारत सेवा आश्रम, वीआईपी रोड में दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। बिरगांव और भारत सेवा आश्रम में 51-51 हजार दीये जलाने का कार्यक्रम रखा गया है।

16 कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग संयोजक

भाजपा ने कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए 16 अलग-अलग संयोजक बनाए हैं। पार्टी के अनुसार सभी कार्यक्रम निर्धारित समय, अनुशासन और व्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रमों में भाजपा के जनप्रतिनिधि, महापौर, विधायक और मंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा, 'सेवा संकल्प अभियान' के जरिए भाजपा कार्यकर्ता पूरे महीने सेवा गतिविधियों से जुड़ेंगे। अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

ओडिशा से लेकर बस्तर तथा उदंती के घने जंगलों में चलाया ऑपरेशन

गांजे के बाद छग बना वन्यजीव अंगों के साथ लकड़ी तस्करी का कारीडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांजा तस्करी के ट्रांजिट रूट के लिए चर्चित छत्तीसगढ़ अब बेशकीमती लकड़ी, वन्यजीव, तथा उसके अंगों की तस्करी के लिए तस्करों का पसंदीदा ट्रांजिट रूट साबित हो रहा है। एक सप्ताह पूर्व 10 सितंबर को उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने गश्त के दौरान देर रात एक संदिग्ध बाइक को रोका तो बाइक सवार युवक वाहन छोड़ भाग गए। जांच करने पर बैग से 31 किलो गांजा मिला। साथ ही उनके वन्यप्राणी तस्करों से लिंक का पता चला। गांजा जब्ती की जांच कर रहे धमतरी पुलिस ने ओडिशा, नवरंगपुर के दो संदिग्ध पैडलर ओडिशा कोरापुट, नौरंगपुर के प्रहल्लाद हरिजन, बिमल कुमार माझी को गिरफ्तार किया है। यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरूण कुमार जैन के अनुसार उनके पास पूर्व में ही नवरंगपुर क्षेत्र में नारकोटिक्स तथा वन्यजीव तस्करों के बीच आपसी संबंध होने की जानकारी मिली थी, इसलिए टैक्निल इनपुट के आधार पर तस्करों को ट्रैप करने गश्त बढ़ा दी गई है।

खास खबर

खैर लकड़ी गोला तस्करी के आरोपी मनीष अग्रवाल रायपुर को बनाना चाहता था केंद्र

गांजा तस्करों से मिली वन्यजीव अंग तस्करों की जानकारी

गांजा तस्करों से जब्त मोबाइल के आधार पर मिली जानकारी के बाद डीआरआई, यूएसटीआर की टीम नबरंगपुर में फॉलो-अप इंटेलिजेंस ऑपरेशन चलाकर 48 किलो गांजे की जब्ती की। तस्करों से मिले इनपुट के आधार पर मलकानगीरी में छापे की कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के कब्जे से 1.47 किलो पैंगोलिन खाल जब्त की गई।



उभरता हुआ इंटर स्टेट संगठित नेटवर्क

यूएसटीआर के कोर एरिया में ओडिशा से तस्करी कर लाया जा रहे गांजे की जब्ती तथा इसके बाद मलकानगिरी में पैंगोलिन स्केल की बरामदगी की घटनाओं का क्रम एक ऐसे संभावित इंटर स्टेट संगठित अपराध नेटवर्क की संभावना की ओर संकेत करता है, जिसमें नारकोटिक्स एवं वन्यजीव तस्करी के चैनल आपस में जुड़े हो सकते हैं। वर्तमान चरण में वन्यजीव, नारकोटिक्स नेक्सस, जिसमें आपराधिक नेटवर्कों के बीच बार्डर ट्रेड अथवा अवैध वस्तुओं के आदान-प्रदान की संभावना भी शामिल है, जिसकी जांच की जा रही है।

इन तीन राज्यों में फैला नेटवर्क

वन्यजीवों के अंग, खाल की तस्करी करने वाले ओडिशा से लेकर महाराष्ट्र तक लैंड स्कैप तैयार कर लिया है। दूसरी ओर वन्यजीवों की तस्करी करने वाले सरगुजा, बिलासपुर में एक अलग लैंड स्कैप तैयार कर वन्यजीवों के खाल, अंगों की तस्करी करते हैं। वन्यजीवों के अंग, खाल की तस्करी करने वाले यहां से रेल मार्ग से तस्करी कर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव के रास्ते नागपुर पहुंचते हैं। नागपुर से अन्य रूट के माध्यम से वन्यजीवों के अंग, खाल, नाखून देश के अन्य राज्यों में खपाया जाता है।

सेंटर बनाने के पहले वन विभाग ने योजना पर पानी फेरा

छत्तीसगढ़ के कुख्यात लकड़ी तस्कर मनीष अग्रवाल का एक दर्जन राज्यों में नेटवर्क फैला है। वह देश के अन्य राज्यों में बेशकीमती खैर, साल लकड़ी की तस्करी के लिए रायपुर को केंद्र बनाना चाहता था, इसलिए उसने यहां तेंदुआ में किराए पर यार्ड लिया था। लकड़ी तस्करी अपनी योजना को अंजाम दे पाता इसके पहले वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसके किराए के यार्ड में छापे की कार्रवाई कर उसकी मंशा पर पानी फेर दिया। वन विभाग द्वारा पीओआर दर्ज किए जाने के बाद रायगढ़ पुलिस ने उसे पिछले महीने दो वर्ष पूर्व दर्ज खैर लकड़ी तस्करी करने के अपराध में गिरफ्तार किया।

एआई से बनाता था टीपी

मनीष अग्रवाल और उसका गिरोह छत्तीसगढ़ व ओडिशा से खैर की बड़े पैमाने पर तस्करी करता था। वन विभाग की चौकियों से बचने के लिए आरोपी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीकों की मदद से फर्जी नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (एनटीपीएस), फर्जी एनओसी तैयार कर बेशकीमती लकड़ी के गोले दूसरे राज्यों तक तस्करी के माध्यम से भेजता था।

प्रदेशभर में थमी बारिश निगाहें अब 25 को बनने वाले सिस्टम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिस्टम के पूरी तरह कमजोर होने के बाद प्रदेशभर में वर्षा की गतिविधि पूरी तरह थम गई है। मौसम विशेषज्ञों की निगाहें अब 25 सितंबर को बनने वाले सिस्टम पर टिकी हुई है। अभी तापमान बढ़ने के साथ उमस वाली गर्मी लोगों को हलाकान किए हुए हैं। बंगाल की खाड़ी में तैयार होने वाला सिस्टम अगर साइक्लोन का रूप लेता है तो इसका प्रभाव बस्तर में ही सीमित रहने की संभावना है। सितंबर के महीने में बने दूसरे सिस्टम के गुजरने के बाद राज्य में वर्षा की गतिविधि कमजोर हो गई है।



पिछले दो दिन से तो इसकी सक्रियता ना के बराबर हो चुकी है। मानसूनी बादल छंटने की वजह से तापमान अपना असर दिखा रहा है और नमी के प्रभाव से चिपचिपाहट बढ़ी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले दो दिन मौसम में किसी तरह का बदलाव होने की संभावना ना के बराबर है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने के आसार है जो संभवतः तूफान का रूप ले सकता है।

कम होती है साइक्लोन की परिधि

मानसून के प्रभाव से बनने वाले सिस्टम का दायरा बढ़ा होता है और साइक्लोन की परिधि कम होती है। अगर ऐसा सिस्टम बनता है तो इसका प्रभाव छत्तीसगढ़ के अधिकांश इलाके में बादल और हल्की बारिश के रूप में हो सकता है। बुधवार को राज्य का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया वहीं रायपुर का पारा 33.4 डिग्री था। रात के मौसम में भी अभी बढ़ा बदलाव नहीं हुआ जिसकी वजह से थोड़ी गर्माहट बाकी है। अगले चौबीस घंटे में स्थानीय प्रभाव से एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चल सकता है।

स्ट्रीट लाइट की लचर व्यवस्था, मेयर नाराज, मांगा रिकार्ड, विद्युत विभाग टीम की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के मुख्य मार्गो और रिहाइसी इलाकों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को दुरस्त करने में लेटलतीफी और पुरानी लाइटों के महीनों तक मरम्मत नहीं किए जाने पर महापौर मीनल नाराज हुई। उन्होंने विभागीय अधिकारी से पूछा कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें शिकायत के कितने बाद सुधर रही हैं, वार्डो के स्ट्रीट पोल से उतारकर लाई गई स्ट्रीट लाइटों का रिकार्ड रख रहे हैं या नहीं, इसकी जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराएं। मीनल चौबे ने निगम के विद्युत विभाग के इंजीनियर, सब इंजीनियर और जोन स्तर के अधिकारियों से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की खुद मानिटरिंग करने निर्देश दिए। महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा कि प्लसेमेंट पर काम कर रहे लाइन मेन और हेल्पर अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं, पर स्ट्रीट लाइट की निगरानी के लिए अधिकारियो को खुद फील्ड में उतरना होगा। विद्युत विभाग के इंजीनियर, सब इंजीनियर त्योहारी सीजन में फील्ड में जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी लें। आम जनता की स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतों को नजरअंदाज न करें।



महात्मा गांधी सदन में बुधवार को नगर निगम के विद्युत विभाग एवं सभी जोन की विद्युत विभाग की टीमों के साथ उन्होंने आवश्यक बैठक ली। बैठक में नगर निगम विद्युत विभाग अध्यक्ष सुमन पांडे, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता संदीप शर्मा, अन्य विद्युत विभाग अधिकारी और अनुबंधित ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

राजधानी में स्ट्रीट लाइट की वर्तमान में लचर व्यवस्था पर आम जनता के साथ ही अब महापौर मीनल चौबे भी खिन्न हैं। उनकी नाराजगी नगर निगम के विद्युत विभाग के बैठक में देखने को मिली। वार्ड पार्षदों और शहर के अलग-अलग रहवासी इलाकों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने में कोताही, रिपेयर के लिए स्ट्रीट पोल से लाइट ले जाने के बाद उसे समय पर वापस नहीं लाने और पुराने लाइटों की अपडेट जानकारी नही रखने की शिकायत को लेकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बिंदुवार जवाब मांगे।

आज राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे शिरकत

रायपुर। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेशभर के श्रमवीरों के सम्मान और उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्री केदार कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



आयोजन का उद्देश्य

भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रम, कौशल, निर्माण और सृजन की शक्ति का प्रतीक है। निर्माण से लेकर उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में अपने पसीने से प्रदेश के विकास की मजबूत नींव तैयार करने वाले श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह महासम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। यह आयोजन प्रदेश के श्रमवीरों के परिश्रम और छत्तीसगढ़ के विकास में उनके योगदान का सार्वजनिक अभिव्यक्तिकरण है।

टैक्स इंस्पेक्टर परीक्षा में धांधली, भाजपा बोली- पिछली कांग्रेस सरकार का कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 में आयोजित वाणिज्यिक कर निरीक्षक (टैक्स इंस्पेक्टर) की सीमित प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर भाजपा ने पिछली कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में आयोजित परीक्षा की जांच में भारी अनियमितताएं, फर्जीवाड़ा और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। इसके बाद शासन ने परीक्षा को शून्य घोषित करते हुए पूरी चयन प्रक्रिया निरस्त कर दी है।



डॉ. मिश्रा ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में बताया कि 26 जून 2022 को लिपिक वर्ग के कर्मचारियों से वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पदों पर चयन के लिए सीमित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी। उनके अनुसार, 3 जुलाई 2026 को जारी जांच समिति की रिपोर्ट में परीक्षा प्रक्रिया में कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि परीक्षा से पहले आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया। परीक्षा केंद्रों पर उपस्थिति पंजी का उचित संधारण नहीं होने और कई चयनित अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं में समान उत्तर पाए जाने की बात भी जांच में सामने आई।

कला संस्कृति पर्यटन से परिचित कराने के लिए विभिन्न

एयरपोर्ट में 13 दिनी यात्री सेवा अभियान आज से, सांस्कृतिक आयोजन के साथ सुविधाओं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में गुरुवार 7 अक्टूबर से 13 दिनी यात्री सेवा अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विमानतल में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सुविधाओं में विस्तार के लिए यात्रियों से फीडबैक लिया जाएगा। इस अवधि में विमानतल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर कर्मचारियों सहित अन्य लोगों की जांच की जाएगी। एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक केके लहरे ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा "यात्री सेवा अभियान–2026" का आयोजन 17 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित, स्वच्छ, सुगम और मुस्कान के साथ सेवा प्रदान करना है। इस अभियान के दौरान रायपुर विमानतल में विभिन्न आयोजन किया जाएगा।



सुझाव का आंकलन भी होगा

प्रभारी एपीडी ने बताया कि इस अवधि में यात्रियों से मिलने वाले सुझाव, गिनाई गई कमियां और पॉजिटिव रिस्पांस का आंकलन किया जाएगा। आने वाले सुझाव के आधार पर विमानतल की व्यवस्था में बदलाव भी किया जाएगा। एयरपोर्ट टर्मिनल में यात्रियों की भीड़ और सुंदरता के लिए आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यों को भी पूरा किया जाना है। इसमें एरावल गेट के समक्ष पोर्च का विस्तार शामिल है।



